हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 152, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 2 दिसम्बर, 2023 दिन शनिवार गाजीपुर/वाराणसी

## जरूरतमंदों के आवास-इलाज का करें इंतजाम, माफिया पर कसें लगाम : योगी

### गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी ने सुनी फरियाद



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि हर जरूरतमंद को उसकी आवश्यकता के अनुसार आवास व इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। आपराधिक मामलों में एफआईआर दर्ज करने में लापरवाही न की जाए और भूमि कब्जाने वाले दबंग, माफिया पर लगाम कसने में तत्परता दिखाई जाए। जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखते हुए अधिकारी हर पीड़ित की समस्या का त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सीएम योगी में ये निर्देश शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे। सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया हर समस्या का निस्तारण किया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 300 लोगों की समस्याएं सुनीं। इसमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। इस दौरान एक महिला ने आवास की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला को पीएम आवास योजना या सीएम आवास योजना के तहत मकान उपलब्ध कराया जाए। जनता दर्शन में कई महिलाएं अपने परिजनों के इलाज हेतु आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आई थीं। मुख्यमंत्री ने उनकी पीड़ा सुनते हुए आश्वस्त किया कि इलाज में धन की कमी नहीं होने दी जाएगी। संबंधित अस्पताल से इस्टीमेट लेकर प्रक्रिया पूरी करते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। विवेकाधीन कोष से तत्काल सहायता राशि जारी करा दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता पर पूर्ण कराएं। सीएम ने इस दौरान यह भी हिदायत दी कि अधिकारी हर जरूरतमंद का आयुष्मान हेल्थ कार्ड बनवाना भी सुनिश्चित करें। जनता दर्शन में जमीन कब्जा करने की आई शिकायतों पर उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान अपने परिजनों के साथ आए बच्चों को दुलारते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया। उन्होंने बच्चों का हालचाल पूछा और पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### बिजली उपभोक्ताओं को झटका, प्रदेश में 15 से 30 फीसदी तक महंगी हो सकती है घरेलू बिजली


लखनऊ। प्रदेश के विद्युत वितरण निगमों की ओर से विद्युत नियामक आयोग में बृहस्पतिवार को वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) प्रस्ताव दाखिल कर दिया गया है। इसमें 11 से 12 हजार करोड़ का गैप (घाटा) बताया गया है। अगर आयोग ने प्रस्ताव को स्वीकार किया कि तो 15 से 30 फीसदी तक बिजली महंगी हो सकती है। पिछली बार नौ हजार करोड़ के घाटे पर 15 से 25 फीसदी तक बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया गया था, जिसे नियामक आयोग ने खारिज कर दिया था। नया टैरिफ प्लान तैयार करने के पहले विद्युत वितरण निगमों की ओर से वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) प्रस्ताव दाखिल किया जाता है। फिर उसी हिसाब से बढ़ोतरी का प्रस्ताव दाखिल होता है। बृहस्पतिवार शाम को नियामक आयोग में दाखिल एआरआर में करीब 11 से 12 हजार करोड़ के बीच गैप (घाटा) दिखाया गया है। यह आरडीएसएस योजना में दाखिल 13.06 प्रतिशत लाइन हानियों के आधार पर है। इसमें एक लाख पैंतालीस हजार मिलियन यूनिट बिजली की आवश्यकता बताते हुए उसकी कुल लागत लगभग 80,000 करोड़ से 85,000 करोड़ के बीच में आंकी गई है। इसके पहले वर्ष 2023-24 में लगभग 92,547 करोड़ का वार्षिक राज्य आवश्यकता दाखिल की गई थी।

## भविष्य को साकार रूप देने में भारत व यूएई एक साथ : मोदी

अबू धाबी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जलवायु पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के दौरान विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए गुरुवार रात दुबई, संयुक्त अरब अमीरात पहुंच चुके हैं। दुबई में भारतीय प्रवासियों ने पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया, जिसके बाद सांस्कृतिक नृत्य प्रदर्शन किया गया। वहीं, संयुक्त अरब अमीरात के अखबार अल-इत्तिहाद के साथ एक इंटरव्यू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा, भारत आशावादी है कि संयुक्त अरब अमीरात द्वारा आयोजित COP28 प्रभावी जलवायु कार्रवाई में नई गति लाएगा। भारत और संयुक्त अरब अमीरात हरित और अधिक समृद्ध भविष्य को आकार देने में भागीदार के रूप में खड़े हैं और हम जलवायु कार्रवाई पर वैश्विक चर्चा को प्रभावित करने के अपने संयुक्त प्रयासों में दृढ़ हैं।

**लोगों ने लगाए मोदी के नारे**– एक समाचार एजेंसी द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में, प्रवासी सदस्यों को 'मोदी, मोदी', 'अबकी बार मोदी सरकार' और 'वंदे मातरम' जैसे नारे लगाते हुए सुना जा सकता है। एक अन्य वीडियो में पीएम मोदी को सदस्यों से हाथ मिलाते और बातचीत करते देखा जा सकता है। एक समाचार एजेंसी द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में, प्रवासी सदस्यों को 'मोदी, मोदी', 'अबकी बार मोदी सरकार' और 'वंदे मातरम' जैसे नारे लगाते हुए सुना जा सकता है। प्रवासी भारतीयों में से एक ने पीएम मोदी से मुलाकात पर खुशी जताई और कहा, मैं 20 साल से यूएई में रह रहा हूं, लेकिन आज ऐसा लगा जैसे मेरा कोई अपना इस देश में आया हो...जो गौरव लाता है पूरी दुनिया में भारत का हीरा है।

एक अन्य सदस्य ने कहा, हम पीएम मोदी को यहां देखकर बहुत खुश हैं। दुनिया को पीएम मोदी जैसे नेता की जरूरत है। इस बीच, पीएम मोदी ने भी दुबई में भारतीय समुदाय से मुलाकात के बाद खुशी जताई और एक्स पर कई तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने लिखा, दुबई में भारतीय समुदाय के गर्मजोशी से स्वागत से बहुत प्रभावित हूं। उनका समर्थन और उत्साह हमारी जीवंत संस्कृति और मजबूत संबंधों का प्रमाण है।



पीएम मोदी शुक्रवार को COP28 के उच्च-स्तरीय खंड - विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में भाग लेने और संबोधित करने के लिए तैयार हैं। उनका तीन अन्य उच्च-स्तरीय साइड इवेंट में भी भाग लेने का कार्यक्रम है। दुबई रवाना होने से पहले, मोदी ने एक बयान में कहा कि "COP28 पेरिस समझौते के तहत हुई प्रगति की समीक्षा करने और जलवायु कार्रवाई पर भविष्य के पाठ्यक्रम के लिए एक रास्ता तैयार करने का अवसर प्रदान करेगा।" COP28 शिखर सम्मेलन 30 नवंबर से 12 दिसंबर तक यूएई की अध्यक्षता में हो रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस साल के COP28 में जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए सामूहिक कार्रवाई के महत्व और निम्न-कार्बन संक्रमण में वित्त की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिए जाने की उम्मीद है। इसमें अमीर देशों से गरीब देशों तक जलवायु कार्रवाई के लिए धन पहुंचाने पर भी ध्यान केंद्रित करने की संभावना है।

## कांग्रेस ने रक्षा मंत्रालय पर लगाया आरोप, कहा- राहुल गांधी के विमान को नौसेना हवाई अड्डे पर उतरने की नहीं दी अनुमति



कोच्चि। कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को रक्षा मंत्रालय पर आरोप लगाया है कि राहुल गांधी जिस विमान में सफर कर रहे थे, उसे नौसेना हवाई अड्डे पर उतरने की अनुमति देने से इनकार कर दिया गया है। एनार्कुलम डीसीसी के अध्यक्ष मोहम्मद शियास ने आरोप लगाया कि मंत्रालय ने शुरू में नौसेना सुविधा में विमान की लैंडिंग की अनुमति दी थी, लेकिन बाद में इसे वापस ले लिया गया। एनार्कुलम डीसीसी के अध्यक्ष मोहम्मद शियास ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि रक्षा मंत्रालय के इस आदेश के बाद कन्नूर से राहुल गांधी को ले जा रहे विमान को नेदूंबेसरी में कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड की ओर मोड़ा गया। एक आधिकारिक सूत्र ने एक समाचार एजेंसी को बताया कि नौसेना स्टेशन पर निजी जेट विमानों की लैंडिंग की अनुमति देने का निर्णय रक्षा मंत्रालय द्वारा किया गया था। हालांकि, उन्होंने इस बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया। केरल दौरे पर चल रहे राहुल गांधी के शुक्रवार को कोच्चि में दो कार्यक्रम निर्धारित हैं। वायनाड सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को केरल के कलपेट्टा में वायनाड मेडिकल कॉलेज की एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही, उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग विस्तार परियोजना की समीक्षा बैठक में भी भाग लिया। मालूम हो कि कांग्रेस नेता बुधवार को अपने संसदीय क्षेत्र के तीन दिवसीय दौरे पर केरल पहुंचे हैं।

### फिरोजाबाद का नया नाम चंद्रनगर नगर निगम से प्रस्ताव पास

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद का नया नाम चंद्रनगर होने जा रहा है। गुरुवार को हुई नगर निगम कार्य समिति में नाम परिवर्तन के प्रस्ताव को हरी झंडी मिल गई। प्रस्ताव को 12 में 11 सदस्यों का समर्थन मिला है।वहीं योगी सरकार से भी जिले का नाम बदलने को लेकर मंजूरी मिलने की खबर आ रही है। निगम कार्य समिति की बैठक गुरुवार को जीवाराम हॉल में हुई। निर्धारित समय 11 बजे से करीब आधा घंटा देरी से शुरू हुई कार्यसमिति की बैठक में रखे गए 17 में से भवन कर संशोधन संबंधी एक प्रस्ताव खारिज हो गया।

### अनुपूरक बजट पर अखिलेश बोले- जब पिछले बजट का 65% खर्च नहीं हुआ तो सप्लीमेंट्री बजट क्यों?

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज चौथा और आखिरी दिन है। सदन में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव नें यूपी सरकार पर हमला बोला। अखिलेश यादव ने कहा कि जब पिछले बजट का लगभग 65% पैसा खर्च नहीं हुआ है तो अुपूरक बजट क्यों चाहिए? अनुपूरक बजट पर अखिलेश ने कहा कि जब सरकार खर्च नहीं कर पा रही है तो ये अनुपूरक बचट क्यों? सबसे महत्वपूर्ण विभागों में पैसा पड़ा हुआ है। कई विभागों में पैसा ही खर्च नहीं हुआ है। नया बजट भी आएगा। ये सरकार विजनलेस है, इनका बजट दिशाहीन रहा है। जो कहा वो नहीं किया, ये भाजपा का असली नारा होना चाहिए। भाजपा ने कहा था कि वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बना देंगे। इसके लिए 34 प्रतिशत की ग्रोथ रेट चाहिए। अगर आप 65 प्रतिशत खर्च नहीं करेंगे और अनुपूरक बजट ले लेंगे। कुछ महीने हैं आपके पास तो आप कैसे अचीव करेंगे। इस सरकार का दोहरा चरित्र है, कहती कुछ है और करती कुछ है। यह सरकार डींग मारने में आगे है। अखिलेश ने आगे कहा कि इन्होंने समार्ट सिटी का सपना दिखाया था। क्या इस अनुपूरक बजट में स्मार्ट सिटी का कहीं स्थान है। मुझे तो यह लगता है कि पहले का पांच साल का



कार्यकाल और दो साल इसके भी पूरे होने वाले हैं। लगता है कि अब स्मार्ट सिटी नहीं बन पाएगी। यह विकास गति को रोकने वाली सरकार है ये। जब इनपर खर्च ही नहीं हो रहा है तो फिर इतना बड़ा बजट क्यों चाहिए। जब आपकी दूसरे राज्यों की अर्थव्यवस्था से तुलना होती है तो उसमें उत्तर प्रदेश 18वें स्थान पर है।

## नगर कीर्तन के बहाने पन्नू ने अमेरिका में रची बड़ी साजिश, कैलिफोर्निया के दो शहरों को बनाया अड्डा




नई दिल्ली। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू अब अमेरिका से भारत के खिलाफ खुलकर वही साजिश करने जा रहा है, जो कनाडा की जमीन से करता आया है। खुफिया एजेंसियों को मिली जानकारी के मुताबिक पन्नू का आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस 26 जनवरी को अमेरिका के कैलिफोर्निया में नगर कीर्तन की शुरूआत करके खालिस्तान के लिए जनमत संग्रह करने जा रहा है। इसके लिए बाकायदा 20 अगस्त से लेकर 17 अक्तूबर के दौरान कई विशेष बैठकें आयोजित की गई हैं। यही नहीं बाकायदा सिख फॉर जस्टिस के आतंकियों ने अमेरिका के अलग-अलग शहरों में रहकर इस प्रोपेगेंडा को फैलाने के लिए सोशल मीडिया की टीम का बड़ा सहारा लिया है। विदेशी मामलों के जानकारों का कहना है कि कनाडा की तरह ही अमेरिका की जमीन पर भारत के खिलाफ रची जा रही साजिश में अब अमेरिकी प्रशासन पर भी सवालिया निशान लगने लगे हैं।

केंद्रीय खुफिया एजेंसियों को मिली जानकारी के मुताबिक आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू अमेरिका की जमीन से भारत के खिलाफ खालिस्तान के नाम पर बड़ी साजिश रच रहा है। खुफिया एजेंसियों से जुड़े सूत्रों का कहना है कि पन्नू ने जिस तरीके से कनाडा में सिख समुदाय के चुनिंदा लोगों को भारत के खिलाफ भड़काकर खालिस्तान की मांग के लिए जनमत संग्रह कराया है, अब ठीक उसी पैटर्न पर अमेरिका में वह साजिश रच रहा है। हालांकि अभी तक पन्नू का यह कथित जनमत संग्रह फ्लॉप ही रहा है। सिख फॉर जस्टिस के खालिस्तानी चरमपंथियों और आतंकी गुरुपतवंत सिंह पन्नू की ओर से 26 जनवरी और 28 जनवरी को अमेरिका में खालिस्तान के नाम पर जनमत संग्रह कराने की तारीख और इलाके घोषित किए हैं। केंद्रीय खुफिया एजेंसी को मिली जानकारी के आधार पर 26 जनवरी से कैलिफोर्निया में जनमत संग्रह कराने की तिथि निर्धारित की गई है।

## बंगलूरू के 44 स्कूलों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली; पुलिस ने सभी परिसर खाली कराए




बंगलूरू। बंगलूरू के कई स्कूलों को शुक्रवार सुबह ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। ईमेल में दावा किया गया कि स्कूल परिसर में विस्फोटक लगाए गए थे। मामले की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। इसके बाद सभी स्कूलों में तलाशी अभियान चलाया गया। फिलहाल कोई भी संदिग्ध सामान नहीं मिला है। जानकारी के मुताबिक, बंगलूरू के 44 निजी स्कूलों को धमकी भरा ईमेल मिला है। इसके बाद स्कूलों ने अभिभावकों के लिए एक एडवाइजरी जारी की। इसमें कहा गया है कि हम आज स्कूल में एक अप्रत्याशित स्थिति का सामना कर रहे हैं। स्कूल को अज्ञात स्त्रोतों से सुरक्षा संबंधी खतरे का सामना करना पड़ा रहा है। हम अपने बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं, इसलिए हमने छात्रों को तुरंत तितर-बितर करने का फैसला किया है। इससे पहले मामले में कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने कहा कि फिलहाल हमें 15 स्कूलों के बारे में जानकारी मिली है, जहां धमकी भरे ई-मेल आए हैं। पिछले साल भी ऐसी धमकियां मिली थीं। हम कोई जोखिम नहीं ले सकते, हम स्कूलों की जांच कर रहे हैं और कार्रवाई कर रहे हैं। स्कूलों में सभी एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। हम धमकी भरे कॉल करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। हम सभी पहलुओं पर गौर कर रहे हैं। वहीं, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि पुलिस जांच करेगी। उन्हें ऐसा करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। सुरक्षा उपाय भी किए गए हैं। माता-पिता को घबराने की जरूरत नहीं है। मैंने पुलिस को स्कूलों का निरीक्षण करने और सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश दिया है। पुलिस विभाग से प्रारंभिक रिपोर्ट प्राप्त हो गई है।

## 'अपनों को वापस लाने के हर प्रयास कर रही सरकार', कतर में भारतीयों को दी गई सजा-ए-मौत पर बोले नौसेना चीफ

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने शुक्रवार को कहा कि सरकार अपने आठ पूर्व नौसैनिकों को कतर से वापस लाने के लिए हर संभव कोशिश कर रही है। बता दें, कतर में एक अदालत ने इन नौसैनिकों को मौत की सजा दी है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, 'भारत सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है कि उन्हें वापस लाया जाए। इसके साथ ही उनके हितों को ध्यान में रखने के लिए हम मिलकर काम कर रहे हैं।' भारतीय नौसेना के सभी आठ पूर्व कर्मियों को 30 अगस्त 2022 की रात को हिरासत में ले लिया गया था। तब से उन्हें एकांत कारावास में रखा गया था। हिरासत में लिए गए लोगों में कमांडर (सेवानिवृत्त) पूर्णेंदु तिवारी हैं, जो एक भारतीय




प्रवासी हैं, जिन्हें 2019 में प्रवासी भारती सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। कंपनी की वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के अनुसार पूर्णंदू तिवारी भारतीय नौसेना में कई बड़े जहाजों की कमान संभाल चुके हैं। इन सभी पर पनडुब्बी कार्यक्रम पर कथित रूप से जासूसी करने का आरोप लगाया गया था। कतर की अदालत ने भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मचारियों को 26 अक्तूबर को मौत की सजा सुनाई थी। इस फैसले से भारत बेहद हैरान है। उसने इस निर्णय को चौंकाने वाला बताया था। हालांकि, भारत सरकार ने साफ कर दिया है कि वह इस मामले में सभी कानूनी विकल्पों पर विचार कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सेवानिवृत होने के बाद ये सभी नौसैनिक कतर की एक निजी कंपनी में काम कर रहे थे। यह कंपनी कतरी एमिरी नौसेना को ट्रेनिंग और अन्य सेवाएं प्रदान करती है। मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक, कंपनी का नाम दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजी एवं कंसल्टेंसीज सर्विसेज है। कंपनी खुद को कतर रक्षा, सुरक्षा एवं अन्य सरकारी एजेंसी की स्थानीय भागीदार बताती है।

**भारत की तरफ से हो चुकी है अपील दायर**– मौत की सजा के खिलाफ पहले ही अपील दायर की जा चुकी है और कतर की एक ऊपरी अदालत पहले ही याचिका स्वीकार कर चुकी है। हिरासत में लिए गए भारतीय नागरिकों की कानूनी टीम ने यह अपील दायर की है।

## लोकसभा चुनाव से पहले सपा, बसपा और आरएलडी के नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने विभिन्न पार्टियों के नेताओं को आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। इसमें सपा के पूर्व राज्यसभा सदस्य और व्यापारी नेता बनवारी लाल कंछल, बसपा के पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार सिंह कुशवाहा ने भाजपा का दामन थामा। इतना ही नहीं राष्ट्रीय लोक दल के पूर्व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह, बसपा के लखनऊ के पूर्व जिला अध्यक्ष महादीन गौतम, सहकारी बैंक लिमिटेड जौनपुर के चेयरमैन सरदार मंजीत सिंह, उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व महामंत्री कुंवर अवधेश प्रताप सिंह, रिटायर्ड जज अशोक कुमार सिंह और रमेश चंद्र दिवाकर व सेवानिवृत अधिकारी उमाशंकर मिश्रा सहित बड़ी संख्या में विभिन्न दलों के नेताओं और कार्यकताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है और इसका सदस्य बनना गर्व की बात है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरीब कल्याण योजनाओं के दम पर देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। पहले उत्तर प्रदेश अपराधियों का चारागाह




बन गया था अब यहां विकास की गंगा बह रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि पार्टी सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूलमंत्र पर चल रही है। गरीबों का कल्याण हमारी सरकार की प्राथमिकता में है। गरीबों के साथ-साथ महिलाओं, युवाओं और किसानों की भलाई के कई काम सरकार ने किए हैं।

## संपादकीय

### भारत ने चुना सही रास्ता

अमेरिका की एक अदालत में वहां अधिकारियों ने यह आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया है कि एक भारतीय व्यक्ति ने किसी अज्ञात भारतीय अधिकारी के कहने पर उसके नागरिक की हत्या की साजिश रची। वाइट हाउस का कहना है कि इस मामले को शीर्ष स्तर पर भारत के सामने उठाया गया है। हालांकि भारत ने अमेरिका के ऐसे किसी सार्वजनिक आग्रह के काफी पहले ही इसकी जांच के लिए हाई लेवल कमिटी गठित कर दी थी। इस नागरिक को प्रेरित करने के पीछे अमेरिका किसी अज्ञात भारतीय अधिकारी का रोल बता रहा है। लेकिन वह अधिकारी कौन है, इस बारे में मुकदमे में किसी का नाम नहीं है। यूं तो अमेरिकी नागरिक का भी नाम नहीं दिया गया है, लेकिन यह संकेत मिला है कि इशारा खालिस्तानी गुरपतवंत सिंह पन्नू की ओर है। पन्नू भारत में घोषित आतंकवादी है और वह लगातार भारत विरोधी बयान देता आया है। इस मामले में भारतीय विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि अमेरिका ने जो आरोप लगाया है, वह भारत की नीति नहीं है। मगर जिस तरह से यह मामला सामने आया है, वह अपने आप में कई सवाल खड़े करता है। अपने आरोपों में अमेरिका ने भी माना है कि यह साजिश उन लोगों के खिलाफ रची गई थी, जो खालिस्तान समर्थक हैं। ऐसे में अमेरिका को यह समझना चाहिए कि भारत विरोधी इन तत्वों को संरक्षण देना ठीक नहीं है। वह भारत को स्वाभाविक सहयोगी मानता है। हाल के वर्षों में चीन के उभार को रोकने के लिए दोनों देश और करीब आए हैं। अमेरिका दुनिया का सबसे ताकतवर लोकतंत्र है तो भारत सबसे बड़ा। अगर कोई शख्स खालिस्तान का समर्थन कर रहा है तो वह भारतीय लोकतंत्र के खिलाफ है। दूसरी बात यह है कि दूसरे देशों के नागरिकों की हत्या हो या तख्तापलट, इस मामले में अमेरिका का अपना रेकॉर्ड अच्छा नहीं है। उसने खालिस्तानी निज्जर के मामले में जिस तरह से कनाडा की तरफदारी की थी, वह भी मुनासिब नहीं थी। खासतौर पर यह देखते हुए कि भारत विरोधी तत्वों को वहां संरक्षण मिल रहा था। खैर, अमेरिका और भारत ताजा मामले में जिस तरह से सहयोग कर रहे हैं, वह परिपक्वता का सबूत है। वहीं, भारत ने इस मामले की जांच शुरू कर अच्छा कदम उठाया है। बेहतर होगा कि यह जांच जल्द पूरी की जाए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो जाए। सवाल यह भी उठता है कि कहीं यह सब भारत और अमेरिका के संबंधों में दरार डालने की साजिश तो नहीं है। उम्मीद है कि जांच से इस मामले के सारे पहलू सामने आएंगे और किसी भी गलतफहमी की गुंजाइश नहीं बचेगी।

### धरती की फिक्र

पृथ्वी की पर्यावरण चिंताओं पर विचार और समस्याओं के समाधान के लिए दुबई में आयोजित हो रहा कॉप-28 इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि ग्लोबल वॉर्मिंग का असर हमारे जीवन पर साफ-साफ दिखने लगा है। 2021 में हुए पेरिस समझौते में दुनिया का तापमान जिस 1.5 डिग्री सेल्सियस पर ही रोकने की बात की गई थी, इस साल 38 से भी अधिक दिन ऐसे रहे हैं जिनमें तापमान औसत से डेढ़ डिग्री ज्यादा रहा था। महासागर तेजी से गर्म हो रहे हैं। अल नीनो की वजह से इस साल उनका भी तापमान सामान्य से 1 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रेकॉर्ड किया गया। धरती का रेफ्रिजरेटर माने जाने वाले अंटार्कटिका से इस साल साढ़े सत्रह लाख वर्ग किलोमीटर बर्फ गल गई है। पिछले हफ्ते अंटार्कटिका में 4 हजार स्क्वेयर किलोमीटर से भी बड़ा हिमखंड टूट गया। कहीं बाढ़, कहीं सूखा तो कहीं बेमौसम बरसात के चलते 2023 को दुनिया भर के मौसम वैज्ञानिक एक ऐसा वर्ष मान रहे हैं, जहां से पृथ्वी का पर्यावरण एक अज्ञात क्षेत्र में प्रवेश कर रहा है। जाहिर है कि कॉप-28 में सिर्फ जुबानी जमाखर्च से काम नहीं चलने वाला, जैसा कि अभी इसमें शामिल 198 देश और उनके नुमाइंदे करते आए हैं। कॉप की बैठकें भले ही अच्छे भविष्य की रूपरेखा बनाने के लिए आयोजित होती रही हों, लेकिन एक पेरिस समझौते को छोड़ दें तो अभी तक इसमें काबिल-ए-जिक्र बहुत काम नहीं हो पाया है। न तो विकसित देश अपना कार्बन उत्सर्जन तेजी से कम कर रहे हैं और ना ही ग्रीन एनर्जी में प्रगति जिक्र करने लायक है। इसीलिए कॉप-28 में पिछली सारी बैठकों में हुए वादों, इरादों और उन पर हुए काम का लेखा-जोखा होने जा रहा है। पिछले साल इजिप्ट में हुए कॉप-27 में मौसम से होने वाले नुकसान से निपटने के लिए फंड बनाने पर सहमति बनी थी, जो अभी तक लगभग खाली ही है। कॉप-28 में भी अगर इस पर कुछ नहीं होता तो साफ हो जाएगा कि विकसित देश क्लाइमेट चेंज की चुनौतियों से निपटने को लेकर कितने गंभीर हैं। दुनिया को क्लाइमेट चेंज की चुनौती को गंभीरता से लेना होगा और इसके दुष्प्रभाव को कम करने के लिए कदम उठाने होंगे। अभी तक अपने स्वार्थ की वजह से दुनिया के कई देश इस दिशा में तेजी से कदम नहीं उठाते, खासतौर पर अमीर देश। दरअसल, नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करने के लिए ग्रीन एनर्जी में भारी-भरकम निवेश करना होगा और प्रदूषण फैलाने वाले ईंधनों का इस्तेमाल घटाना होगा। लेकिन इससे कुछ समय के लिए आर्थिक ग्रोथ में कमी आ सकती है। इस वजह से भी एक हिचक कई देशों में दिखती है, लेकिन समझना होगा कि ऐसा करके वे आने वाली पीढ़ियों का भविष्य खराब कर रहे हैं।

# पांच राज्यों के चुनाव में सब पर भारी पड़ी है कांग्रेस, परिणाम के बाद देश में बढ़ेगा राहुल गांधी का कद

**रमेश सर्राफ धमोरा**

देश के पांच राज्यो के विधानसभा चुनावो में कांग्रेस ने अपनी ताकत का एहसास कराया है। कर्नाटक व हिमाचल प्रदेश विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस ने भारी बहुमत से अपनी सरकार बनाकर भाजपा को जबरदस्त पटकनी दी थी। तभी से लगने लगा था कि कांग्रेस धीरे-धीरे अपनी स्थिति सुधार रही है। वहीं केंद्र में सत्तारुढ़ भाजपा का पराभव प्रारंभ हो चुका है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जब भारत जोड़ो यात्रा प्रारंभ की थी तो किसी को सपने में भी गुमान नहीं था कि उनकी यात्रा को आमजन का इतना जन समर्थन मिलेगा। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने कमजोर होती कांग्रेस में एक नई जान फूंकने का काम किया है।

पांच राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनाव को लोकसभा चुनाव के ट्रेलर के रूप में देखा जा रहा है। इन राज्यों के नतीजे का असर अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। सबसे बड़ी बात 26 विपक्षी दलों द्वारा बनाए गए इंडिया गठबंधन अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को कितनी बड़ी चुनौती दे पाएगा इसका पता भी इन विधानसभा चुनाव के परिणामों से लग जाएगा। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, मिजोरम में विधानसभा की कुल 679 सीटों के लिए हो रहे चुनाव में कांग्रेस प्राय सभी सीटों पर चुनाव लड़ रही है। हिंदी भाषी बेल्ट माने जाने वाले राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में तो कांग्रेस की भाजपा से सीधा मुकाबला है। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने इन तीनों प्रदेशों में सरकार बनाई थी। मगर भाजपा ने षडयंत्र पूर्वक मध्य प्रदेश की सरकार को गिरकर शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में अपनी सरकार बना ली थी। अब इन तीनों ही प्रदेशों में एक बार फिर कांग्रेस व भाजपा में सीधा मुकाबला हो रहा है। यहां मतदान हो चुका है। मतदान के प्रारंभिक रुझानों से लगता है कि कांग्रेस मजबूत बनकर उभर रही है।



राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस ने पिछले दो वर्षों में बहुत सी जनहितकारी योजनायें शुरू की थीं। जिसका असर इन चुनाव में भी देखने को मिला है। चुनाव के दौरान राजस्थान में कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में प्रदेश की जनता से सात वायदे किए हैं तथा कहा है कि यदि फिर से कांग्रेस की सरकार बनती है तो वह इन वादों को लागू करेगी। यह सभी वायदे आम जन को खासा प्रभावित कर रहे हैं। राजस्थाना में कांग्रेस ने कमजोर स्थिति वाले बहुत से विधायकों का टिकट काट कर नए लोगों को मौका दिया है। जिससे सरकार के प्रति व्याप्त नाराजगी समाप्त हुई है। राजस्थान विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस तरह से चुनावी चक्रव्यूह की रचना की थी जिसमें भाजपा के दिग्गज नेता भी उलझ कर रह गए। कई बड़े जाट नेताओं के भाजपा में जाने के बावजूद कांग्रेस पार्टी ने जाट समाज के लोगों को बढ़ चढ़कर टिकट दिया थां जिसके चलते जाट समाज के मतदाता कांग्रेस से ही जुड़े रहे हैं।

प्रदेश में सबसे बड़ी आबादी जाट समाज की है जो पारंपरिक रूप से कांग्रेस के समर्थक रहे हैं। इस बार भी जाटों का कांग्रेस से जुड़ाव कांग्रेस के लिए एक नई संजीवनी साबित हो रहा है। हालांकि भाजपा ने सात सांसदों को चुनाव मैदान में उतारा था। मगर सभी सांसद चुनावी चक्रव्यूह में फंसे हुए नजर आये। उनके चुनाव लड़ने से भाजपा को कोई फायदा होता नजर नहीं आ रहा है। उसके उलट कांग्रेस ने संगठन से जुड़े कई नए लोगों को अवसर देखकर पार्टी कार्यकताओं में एक नए जोश का संचार किया है। मध्य प्रदेश में कांग्रेस को भाजपा द्वारा करवाए गए दल-बदल का लाभ मिलता नजर आ रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव में वहां कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनी थी। मगर सवा साल बाद ही भाजपा ने ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थक विधायकों से दल-बदल करवाकर कमलनाथ सरकार को गिराकर भाजपा की सरकार बना ली थी। भाजपा ने वहां अपनी जोड़-तोड़ से सरकार तो बना ली थी। मगर कांग्रेस से भाजपा में आए सिंधिया समर्थक विधायकों व भाजपा के मूल कार्यकताओं का टकराव कभी समाप्त नहीं हो पाया। यहां तक की टिकट वितरण में भी भाजपा दोनों गुटों को एक जगह करने में असफल रही।

इसी के चलते बड़ी संख्या में भाजपा के बागी मैदान में उतरकर भाजपा प्रत्याशियों को नुकसान पहुंचाया है। मध्य प्रदेश में लगातार शिवराज सिंह के मुख्यमंत्री बनने व उनके शासन में खुले आम भ्रष्टाचार होने के कारण वहां की जनता में सरकार के प्रति भारी नाराजगी व्याप्त थी। जिसका असर चुनाव में होना तय माना जा रहा है। शिवराज सिंह चौहान के मुख्यमंत्री रहते पहले व्यापमं घोटाले का दाग लगा था जो धुल भी नहीं पाया था कि पिछले दिनों पटवारी भर्ती परीक्षा को लेकर भी शिवराज सिंह सरकार को खासी बदनामी झेलनी पड़ी थी। लगातार चार बार मुख्यमंत्री रहने के कारण मध्य प्रदेश के लोगों में शिवराज सिंह चौहान की नकारात्मक छवि बन चुकी है। जिसका खामियाजा वहां भाजपा को उठाना पड़ेगा। मध्य प्रदेश में भी भाजपा ने बड़ी संख्या में केंद्रीय मंत्रियों व सांसदों को मैदान में उतार कर शिवराज सरकार के प्रति व्याप्त हो रही नाराजगी को कम करने का प्रयास किया था। मगर ऐसा हो नहीं पाया। मध्य प्रदेश की जनता शिवराज सरकार के कारनामों के कारण हर हाल में भाजपा सरकार को बदलना चाहती है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस के पहले ऐसे नेता हैं जो पांच साल शासन करने के उपरांत भी प्रदेश की जनता में पहले की तरह लोकप्रिय बने हुए हैं। जमीन से जुड़े होने के कारण बघेल को आम आदमी की समस्याओं का पता है। अपने कार्यकाल में उन्होंने आम आदमी के भले से जुड़ी अनेकों योजनाएं जारी कर लोगों में अपनी सरकार के प्रति नकारात्मक भावना पैदा ही नहीं होने दी। जिसका लाभ उनको विधानसभा चुनाव में भी मिलता दिख रहा है। अंतिम वर्ष में उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी टीएस सिंह देव को उपमुख्यमंत्री बनाकर उनकी नाराजगी ही दूर नहीं की बल्कि कांग्रेस संगठन को भी मजबूत करने का काम किया है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा के मुख्यमंत्री रमन सिंह के 15 साल के कार्यकाल से तंग आ चुकी जनता को भूपेश बघेल ने एक नया नेतृत्व देखकर प्रदेश के सभी वर्गों के विकास का वादा किया था। जिस पर उन्होंने खरा उतरने के लिए पूरा प्रयास किया है। छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस मजबूती के साथ चुनाव लड़ी है और फिर से सरकार बनाने को लेकर पूरी तरह आशान्वित नजर आ रही है।

# भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान हासिल की गयीं उपलब्धियों पर प्रधानमंत्री मोदी का आलेख

**नरेन्द्र मोदी**

भारत द्वारा जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण करने के आज 365 दिन पूरे हो गए हैं। यह 'वसुधैव कुटुंबकम', 'One Earth, One Family, One Future' की भावना को प्रतिबिंबित करने, इसके लिए पुनः प्रतिबद्ध होने और इसे जीवंत बनाने का क्षण है। जब पिछले वर्ष भारत को यह जिम्मेदारी मिली थी, तब विश्व विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहा थाः कोविड-19 महामारी से उबरने का प्रयास, बढ़ते जलवायु खतरे, वित्तीय अस्थिरता और विकासशील देशों में ऋण संकट, जैसी चुनौतियां दुनिया के सामने थीं। इसके अलावा, कमजोर होता मल्टीलैटरलइज्म यानी बहुपक्षवाद इन चुनौतियों को और गंभीर बना रहा था। बढ़ते हुए संघर्ष और प्रतिस्पर्धा के बीच, विभिन्न देशों में परस्पर सहयोग की भावना में कमी आई और इसका प्रभाव वैश्विक प्रगति पर पड़ा।

जी-20 का अध्यक्ष बनने के बाद, भारत ने दुनिया के सामने जीडीपी-केंद्रित सोच से आगे बढ़कर मानव-केंद्रित प्रगति का विजन प्रस्तुत किया। भारत ने दुनिया को यह याद दिलाने प्रयास किया कि कौन सी चीजें हमें जोड़ती हैं। हमारा फोकस इस बात पर नहीं था कि कौन सी चीजें हमें विभाजित करती हैं। अंततः, भारत के इन प्रयासों का परिणाम आया, वैश्विक संवाद आगे बढ़ा और कुछ देशों के सीमित हितों के ऊपर कई देशों की आकांक्षाओं को महत्व दिया गया। जैसा कि हम जानते हैं, इसके लिए बहुपक्षवाद में मूलभूत सुधार की आवश्यकता थी। समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्रवाई-उन्मुख और निर्णायक - ये चार शब्द जी-20 के अध्यक्ष के रूप में भारत के दृष्टिकोण



को परिभाषित करते हैं। नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन (एनडीएलडी), जिसे सभी जी-20 सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अपनाया गया है, इन सिद्धांतों पर कार्य करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। समावेश की भावना हमारी अध्यक्षता के केंद्र में रही है। जी-20 के स्थायी सदस्य के रूप में अफ्रीकी संघ (एयू) को शामिल करने से 55 अफ्रीकी देशों को इस समूह में जगह मिली है, जिससे इसका विस्तार वैश्विक आबादी के 80 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इस सक्रिय कदम से वैश्विक चुनौतियों और अवसरों पर जी-20 में विस्तार से बातचीत को बढ़ावा मिला है। भारत द्वारा अपनी तरह की पहली बैठक वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ समिट ने बहुपक्षवाद की एक नई शुरूआत की। इस बैठक के दो संस्करण आयोजित हुए। भारत अंतर्राष्ट्रीय विमर्श में ग्लोबल साउथ के देशों की चिंताओं को मुख्यधारा में लाने में सफल रहा। इससे एक ऐसे युग की शुरूआत हुई है, जहां विकासशील देशों को ग्लोबल नरैटिव की दिशा तय करने का उचित अवसर प्राप्त होगा। समावेशिता की वजह से ही जी-20 में भारत के घरेलू दृष्टिकोण का भी प्रभाव दिखा। इस आयोजन ने लोक अध्यक्षता का स्वरूप ले लिया, जोकि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने की दृष्टि से बिल्कुल सही था। ह्लजनभागीदारीह्व कार्यक्रमों के माध्यम से, जी-20 1.4 बिलियन नागरिकों तक पहुंचा और इस प्रक्रिया में सभी राज्यों एवं केन्द्र-शासित प्रदेशों (यूटी) को भागीदार के रूप में शामिल किया गया। भारत ने यह सुनिश्चित किया कि मुख्य विषयों पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का ध्यान जी-20 के दायित्वों के अनुरूप विकास के व्यापक लक्ष्यों की ओर हो। 2030 के एजेंडे को ध्यान में रखते हुए भारत ने, सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) में तेजी लाने के लिए जी-20 का 2023 एक्शन प्लान पेश किया। इसके लिए भारत ने स्वास्थ्य, शिक्षा, लैंगिक समानता, पर्यावरणीय स्थिरता सहित परस्पर जुड़े मुद्दों पर एक व्यापक एक्शन ओरिएंटेड दृष्टिकोण अपनाया। इस प्रगति को संचालित करने वाला एक प्रमुख क्षेत्र मजबूत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) है। इस मामले में आधार, यूपीआई और डिजिलॉकर जैसे डिजिटल इनोवेशन के क्रांतिकारी प्रभाव को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करने वाले भारत ने निर्णायक सिफारिशें दीं। जी-20 के माध्यम से, हमने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर रिपॉजिटरी को सफलतापूर्वक पूरा किया जोकि वैश्विक तकनीकी सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति है।

## भाजपा सरकार में अपराधी बेलगाम : डा अवधनाथ पाल

प्रखर जौनपुर। समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिलाअध्यक्ष डां अवधनाथ पाल के नेतृत्व में शुक्रवार को एक प्रतिनिधिमंडल खेतासराय के बभनौटी वार्ड के निवासी दो सगे भाई अजय प्रजापति व अंकित प्रजापति निर्मय हत्या विगत दिनों हो गई थी आज मृतक परिवार से मिलने पहुंचे वहीं परिजनों से घटना की पूरी जानकारी प्राप्त किए। वहीं डां अवधनाथ पाल ने कहा कि जब से भाजपा सरकार बनी है अपराधी बेलगाम है उनको अपराध करते समय किसी प्रकार का भय नहीं रहता आज यह धटना उसका जीता जागता उदाहरण है इस अत्यंत दुखद घटना से पूरा समाजवादी परिवार दुखी है और इस परिवार को न्याय दिलाने के लिए जो भी मदद होगी समाजवादी पार्टी करेगा कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को इस घटना के बारे में अवगत कराया जायेगा। डां पाल ने कहा कि भाजपा सरकार से



समाजवादी पार्टी की मांग है कि मृतक के परिवार को 50 लाख की सहायता राशि मुख्यमंत्री राहत कोश से देने की कृपा करें। कहा मृतक परिवार में एक बेटी बची जो बूढ़े माता पिता का देखभाल करेंगी उसे भाजपा सरकार पक्की नौकरी दें जिससे उनका जीवन यापन चल सकें। डां अवधनाथ पाल ने कहा जबतक भाजपा सरकार मृतक को नौकरी नहीं दे रही हैं तबतक मृतक परिवार के जीवन यापन के लिए समाजवादी पार्टी कटिबद्ध हैं। जल्द ही मृतक परिवार को जीवन यापन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था किया जायेगा। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से चेयरमैन वसीम अहमद, हिरालाल विश्कर्मा, राजेन्द्र टाइगर, राहुल त्रिपाठी, अजय विश्कर्मा, मेवालाल गौतम, अनील दूबे, अखिलेश यादव, घनश्याम यादव, दीपक विश्कर्मा, जगरनाथ यादव, दिनेश गौतम, अजय प्रजापति, अर्जुन पाल सहित काफी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहें।

# सिलक्यारा सुरंग की घटना से सरकारों को सबक सीखने की जरूरत है

**ललित गर्ग**

दृढ़ इच्छाशक्ति, लगन, उम्मीद, सकारात्मकता और हौसले की ताकत ने मिलकर आखिर प्रकृति के साथ लड़ी 17 दिन की जंग में जिन्दगी को विजयी बना दिया। सिलक्यारा सुरंग में आठ राज्यों के 41 मजदूरों को सकुशल जिन्दा निकाल लेने के 400 घंटों तक चले संघर्ष में जीत इंसान के चट्टानी हौसले के नाम दर्ज हुई। उत्तरकाशी टनल में फंसे इन सभी मजदूरों को जब मंगलवार रात सुरक्षित निकाला गया, तो देश ने राहत की सांस ली और दीपावली मनाई। यह बचाव अभियान प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय बना है। जिसमें विज्ञान में विश्वास एवं आस्था ने मनोबल दिया। दीपावली के दिन से टनल में फंसे मजदूरों का सुरक्षित बाहर आना किसी चमत्कार से कम नहीं माना जा सकता। बचाव अभियान में हर मोड़ पर आती बाधाओं से बार-बार निराशा एवं नाउम्मीदी के बादल छाए जरूर, लेकिन बचाव दल के अथक प्रयास आखिर में रंग ले ही आए। बजाव कार्य में जुटे जाम्बाज राहत कर्मियों का भरोसा, केन्द्र एवं राज्य सरकार की पूरी ताकत एवं पूरे देश की प्रार्थनाओं का ही असर था जो डर, निराशा और दुश्चिंताओं को दूर करने का हौसला बराबर देता रहा।

17 दिन तक संकटकालीन स्थितियों में मजदूरों को जीवित रखने की चुनौती वाकई बहुत बड़ी थी, जिस पर पूरी दुनिया की नजरें लगी थीं। मजदूरों तक ऑक्सीजन और भोजन पानी पहुंचाना भी आसान नहीं था। तरह-तरह की बाधाओं एवं तकलीफों के बीच जिन्दगी बचाने की मुहिम निश्चित ही एक रोशनी बनी। इसमें सुरंग में फंसे मजबूरों ने जहां हर तरह से जिजीविषा एवं बहादुरी का परिचय दिया, वहीं बचाव कार्य में जुटे वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों, तकनीकी जानकारों एवं कर्मियों ने दिन-रात एक करके एक उदाहरण प्रस्तुत किया। यह बचाव अभियान एवं इसकी सफलता ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय उदाहरण बनकर प्रस्तुत हुआ है। दुविधा एवं मौत की सुरंग में कैद हुए मजदूरों को संकट से आजादी मिली, लेकिन सिलक्यारा की इस घटना ने अनेक सवाल भी खड़े किए हैं। सवाल यह है कि एक प्लान के विफल होने पर दूसरा और आगे के विफल होने पर ही तीसरा, चौथा, पांचवां प्लान क्यों बना? क्या पांच प्लान पहले ही तैयार नहीं हो सकते थे?

बीते दो दशकों में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क-क्रांति ने विकास की नई इबारत लिखी है, चारधाम सड़क परियोजना, पहाड़ी क्षेत्रों एवं दुर्गम्य स्थलों में भी यातायात सुगम करने के लिए पहाड़ खोदकर टनल बनाए जा रहे हैं, जिनमें दुर्घटनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। प्रश्न है कि संभावित दुर्घटनाओं से बचने के आवश्यक उपकरण क्यों नहीं जुटाये गये? मलबा हटाने के लिए अमेरिका से क्यों मशीन मंगवानी पड़ी, भारत में ऐसी मशीनों की उपलब्धता क्यों नहीं है? ऐसी विपत्तियों एवं संकटों से उबरने की हमारी तैयारी आत्म-निर्भर एवं स्वावलम्बी क्यों नहीं बनायी जाती? क्यों नहीं अपने देश में जगह-जगह बढ़ती सुरंग परियोजना को देखते हुए एक ऐसे राष्ट्रीय संस्थान खड़ा किया जाता जो बिना भ्रष्टाचार एवं कोताही में लिप्त हुए निमार्णाधीन परियोजनाओं का हर वर्ष तकनीकी ऑडिट करे, जैसा कि सरकारी संस्थानों में वित्तीय ऑडिट होता है। तब हम ऐसे हादसों को रोक पाएंगे।

हिमालय जैसे पहाड़ी क्षेत्रों में ऐसी बड़ी सड़क परियोजनाओं एवं अन्य निर्माण कार्यों की इजाजत देने से पहले उस पर व्यापक मंथन-अनुसंधान-जांच एवं शोध की अपेक्षा है। किस तरह के निर्माण कार्यों की इजाजत दी जाए और किस तरह के काम को नहीं, यह भी समझना एवं एक रोडमैप बनाना होगा। पर्यावरणविद और भूविज्ञानी ऐसे निर्माण कार्यों को पर्यावरण के लिये गंभीर खतरा मानते रहे हैं, ऐसे लोग लंबे समय से कहते आ रहे हैं कि हिमालय एक कच्चा पहाड़ है, वहां बड़ी परियोजनाओं को अनुमति देने से पहले सब तरह की जांच कर लेनी चाहिए। संभावित खतरों पर संवेदनशीलता से चिन्तन करना चाहिए।

## विद्युत विभाग की एकमुश्त समाधान योजना के दूसरे चरण में लगी कतार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। विद्युत वितरण मंडल गाजीपुर के अधीन चारो खंडो सहित समस्त उपखंड कार्यालयो पर उपभोक्ताओं की काफी भीड़ देखने को मिल रही है। वही विद्युत वितरण खण्ड द्युतीय आमघाट के अधिशाषी अभियंता सुजीत सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ओटीएस के तहत एकमुश्त समाधान योजना पिछले 8 नवंबर से लाया गया था जिसमे दिनांक 30 नवंबर तक घरेलू एवम पैंपिंग सेट के बकाया बिल पर 100% ब्याज माफ था वही कमर्शियल पर 3 किलोवाट तक के



उपभोक्ताओं को 80% एवं 3 किलोवाट से उपर के उपभोक्ताओं को 60% ब्याज पर लाभ मिला वही निजी संस्थान के ब्याज पर 50% की छूट थी तथा लघु एवं मध्यम उद्योग के ब्याज पर 50% की छूट थी। वही विद्युत चोरी में दर्ज मुकदमों में लगे राजस्व निर्धारण पर 65% की छूट थी मगर साथ ही साथ जो राजस्व निर्धारण के साथ शमन शुल्क लगा है उसको भी साथ जमा करना होगा एवं जिस भी उपभोक्ताओं की आरसी भेजी गई है उनके लिए भी सुनहरा मौका है अपने बकाया बिल पर लगे ब्याज में भारी भरकम छूट का लाभ लेकर अपना बकाया बिल का भुगतान करे और आरसी वापस कराए। वही न्यायालय में लंबित मुकदमों में भी छूट दी गई है अगर जिन उपभोक्ताओं का बकाया बिल,बिजली चोरी में मुकदमा दर्ज हो और प्रकरण न्यायालय में लंबित हो तो वैसे लोग अपने नजदीकी विद्युत ऑफिस में जाकर ओटीएस का पूरा लाभ लेकर अपना बकाया और राजस्व निर्धारण जमा कर सकते है वही विद्युत चोरी एवं बकाया पर हुवे 4972 लोगो पर एफआईआर हुवा था जिनमे अभी तक 500 उपभोक्ताओं ने अपना राजस्व निर्धारण शमन शुल्क सहित जमा किया है। वही कुल ओटीएस का लाभ पाने के लिए जिले में 4 लाख 13 हजार 519 उपभोक्ता है जिसमे अभी तक एकमुश्त समाधान योजना के तहत कुल 4000 लोगो का पंजीकरण कर लिया गया है और इस ओटीएस योजना का लाभ उपभोक्ता बढ़ चढ़कर ले रहे है। आगे उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील किया की इस ओटीएस योजना में जल्द से जल्द आप लोग पंजीयन तत्काल करा ले क्योंकि इस ओटीएस योजना का लाभ लेने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2023 है वही घरेलू एवं निजी नलकूप पर 100% सरचार्ज की छूट 31 दिसंबर लागू रहेगा एवं 01 दिसम्बर 2023 से 15 दिसम्बर 2023 तक वाणिज्यिक,निजी संस्थान,औद्योगिक छूट में 10% की कटौती की जाएगी एवं 16,12,2023 से 31,12,2023 तक छूट का लाभ लेने पर कुल 20% छूट में कटौती की जाएगी।अतः सभी उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि जल्द से जल्द इस ओटीएस योजना का लाभ अपने निजी विद्युत खंड, उपखंड कार्यालय तथा उपकेंद्रों, सहज सन सेवा केंद्र,मीटर रीडर, विद्युत सखी के पास जाकर सरकार द्वारा दी गई ओटीएस योजना का पूरा लाभ द्वितीय चरण 01,12,2023 से 15,12,2023 तक अपना पंजीयन करा ले एवं पहले आए पहले पाए का लाभ लेते हुवे पंजीयन अवश्य कराए एवं बकाया बिल अवश्य जमा करे अगर जिन उपभोक्ताओं के पास पूरा पैसा नही है तो भी सरकार द्वारा घरेलू , निजी नलकूप, वाणिज्यिक,निजी संस्थान,औद्योगिक वाले उपभोक्ताओं को भी किश्तों में जमा करने के लिए व्यवस्था दी गई है।

# वरिष्ठ भाजपा नेता, भाजपा बिहार प्रदेश के सह प्रभारी सुनील ओझा का शरीर पंचतत्व में विलीन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं बिहार प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी सुनील ओझा का पार्थिव शरीर अपरान्ह पंचतत्व में विलीन हो गया` मिजार्पुर के कछवा स्थित गड़ौली में पुरे विधि विधान के साथ उनका अंतिम संस्कार हुआ मुखाग्नि उनके बड़े बेटे विरल भाई ओझा एवं छोटे बेटे ऋत्विक ओझा ने दी इस दौरान उनकी पत्नी, उनके दो बड़े भाई, दोनों भाभी, दोनों पुत्रों सहित पुरा परिवार उपस्थित रहा` बताते चलें कि सुनील ओझा का निधन 29 नवम्बर को सुबह साढ़े चार बजे मेदांता गुड़गांव में हुआ था वे 70 वर्ष के थे उनका पार्थिव शरीर वाराणसी में लहरतारा स्थित महावीर हाइट लाया गया जहां 30 नवम्बर को सुबह 8 बजे पार्टी कार्यकताओं के दर्शनार्थ रखा गया` आवास पर भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल , क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रविन्द्र जायसवाल, बिहार भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन भीखू भाई दलसानिया, प्रयागराज सासंद रीता बहुगुणा, बड़ोदरा की सांसद रंजनबेन भट्ट सहित पार्टी के तमाम विधायक, पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने श्री ओझा के पार्थिव शरीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किए` वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने श्री ओझा के पार्थिव शरीर को ओढ़ाया पार्टी का झंडा - श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात केंद्रीय एवं प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने श्री ओझा के पार्थिव शरीर पर पार्टी का ओढ़ाया झंडा` मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूत (प्रतिनिधि) के रूप में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रविन्द्र जायसवाल ने पार्थिव शरीर पर अर्पित किए श्रद्धासुमन, अंत्येष्टि में हुए शामिल` उत्तर प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र चलने के कारण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो पाए उन्होंने प्रदेश सरकार की ओर से राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रविन्द्र जायसवाल को वाराणसी भेजा श्री जायसवाल ने श्री ओझा के मडुवाडीह स्थित



महाबीर हाइट्स स्थित आवास पर पहुंचकर श्री ओझा के पार्थिव शरीर पर पुष्प- गुच्छ अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी एवं वहीं से अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए शवयात्रा के संग गड़ौली धाम की ओर चल पड़े` श्री ओझा का भाजपा के झंडे में लिपटा पार्थिव शरीर सुनील ओझा अमर रहे जब तक सूरज चांद रहेगा ओझा तेरा नाम रहेगा के उद्घोष के साथ माला व फुलों से सुसज्जित ट्रक पर रखा गया फिर शव यात्रा गड़ौली धाम के लिए हुई रवाना ` ट्रक के पीछे सैकड़ों की संख्या में दिग्गज भाजपा जनों की गाड़ियों का काफिला चल रहा था` गड़ौली पहुंचने के पश्चात श्री ओझा का पार्थिव शरीर स्थानीय लोगों के दर्शनार्थ रखा गया जहां हजारों की संख्या में लोगों ने उन्हें नम आंखों से दी अंतिम बिदाई।

**आवास पर शोक प्रकट करने वालों एवं अंतिम यात्रा में शामिल होने वाले प्रमुख लोग** – आवास पर शोक प्रकट करने वालों एवं अंतिम यात्रा में शामिल होने वालों में राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, प्रदेश महामंत्री संघटन धर्मपाल सिंह,केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल,काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रविन्द्र जायसवाल,राष्ट्रीय मंत्री अरविंद मेनन, एमएलसी अश्वनी त्यागी, बिहार प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी,बिहार प्रदेश संघटन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया, बिहार के नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा, प्रयागराज सांसद रीता बहुगुणा, बड़ोदरा की सांसद रंजनबेन भट्ट,वाराणसी जिला व महानगर के प्रभारी एमएलसी अरुण पाठक, जिलाध्यक्ष व एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, बिहार प्रदेश महामंत्री जगन्नाथ ठाकुर, बिहार प्रदेश मंत्री संतोष रूंजा, एमएलसी अनिल शर्मा,एमएलए संजीव चौरसिया, प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा मनोज सिंह,अरवल जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, महापौर अशोक तिवारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष मनीष कपूर, क्षेत्रीय महामंत्री द्वय अशोक चौरसिया, सुशील त्रिपाठी, संसदीय कार्यालय प्रभारी शिवशरण पाठक, रामगोपाल मोहले, राकेश शर्मा,डॉ सुदामा पटेल, आशीष सिंह बघेल, प्रदीप अग्रहरि, कौशलेंद्र सिंह, अशोक पाण्डेय,धर्मेंद्र सिंह, डॉ कौशल किशोर मिश्रा, नवरतन राठी,शालिनी यादव, मृदुला जायसवाल, सुरेश सिंह,जगदीश त्रिपाठी, संजय सोनकर, प्रवीण सिंह गौतम, संतोष सोलापुरकर, डॉ. अशोक राय, ई.अशोक यादव, कुसुम पटेल,निर्मला सिंह पटेल,संध्या तिवारी, शैलेंद्र मिश्रा,रचना अग्रवाल, आयुषी श्रीमाली आदि नेताओ ने नम आंखों से श्री ओझा को दी अंतिम बिदाई।

## विभिन्न मांगों को लेकर शिक्षकों ने दिया बीआरसी पर धरना

प्रखर पिंडरा वाराणसी। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के बैनर तले प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर विभिन्न मांगों को लेकर बीआरसी मंगारी पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें शिक्षक नेताओं ने सरकार के तानाशाही रवैये पर एतराज जताया और कहाकि ग्राम पंचायत का कार्य शिक्षकों से कराने का दबाव बनाया जा रहा है। जबकि शिक्षको के वेतन विसंगति, 15 वर्षो से लंबित पदोन्नति, पारस्परिक स्थानान्तरण, कैशलैश चिकित्सा सुविधा समेत मांगो के बाबत कोई निर्णय नही लिया जा रहा है उसपर अपने नाम से सिम व मोबाइल डाटा से ऑनलाइन उपस्थिति का दबाव बनाया जा रहा है। जो कि न्याय संगत नही है। यही नहीं तमाम तरह से उत्पीड़ित करने का कार्य कर रही है। जिसके विरोध में शिक्षक आरपार की लड़ाई लड़ेंगे। धरना प्रदर्शन में अनुदेशको, शिक्षामित्रों के अलावा उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों के अलावा शिक्षक गण उपस्थित रहे। अंत मे कार्यालय प्रभारी जितेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। धरने की अध्यक्षता राजेश सिंह, संचालन ब्लॉक मंत्री सत्यनारायण वर्मा , स्वागत व धन्यवाद ज्ञापन ब्लॉक अध्यक्ष क्षितिज दीक्षित ने दिया। इस दौरान प्राथमिक शिक्षक के ब्लॉक अध्यक्ष संजय सिंह, शैलेन्द्र पांडेय, संजय गुप्ता, मनोज सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, बिंदुलता देवी, प्रमोद सिंह, नितेन्द्र श्रीवास्तव, आनंद पांडेय, रामजीत राम, राजेश कौल, अंकिता श्रीवास्तव शिक्षामित्र संघ के अध्यक्ष मुनिकेश सिंह, अनुदेश संघ से अध्यक्ष चंद्रशेखर सरोज, सुशील कुमार, बिपिन पांडेय ,समेत सैकड़ो शिक्षक रहें।

## सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त व सीडीओ ने कासिमाबाद में ग्रामीणों को दिलाई पंच प्रण की शपथ

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत लोक संवाद कार्यक्रम विकास खण्ड कासिमाबाद के ब्लाक परिसर में मुख्य अतिथि सांसद बलिया वीरेन्द्र सिंह मस्त ने दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। ग्राम सभा से लोक सभा तक इस संवाद कार्यक्रम में मंचाशीन मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत बुके, स्मृति चिन्ह एवं माल्यापर्ण कर किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधि विधान व मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। छात्राओं द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत में स्वागतगीत की प्रस्तुति दी गयी जो सराहनीय रहा। विकसित भारत संकल्प यात्रा आधारित विशेष वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री जी के व्यक्तव्यो को सुना व देखा गया। कार्यक्रम के दौरान सरकार की योजनाओं से लाभान्वित व्यक्तियों ने प्रधानमंत्री एवं मुख्य मंत्री जी को धन्यवाद ज्ञापित किया। सांसद तथा मुख्य विकास अधिकारी व जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थित ग्रामवासियों को पंचप्रण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जी का रिकार्ड किया गया वीडियों संदेश एवं विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियों का प्रसारण उपस्थित लोगों ने देखा व आत्मसात किया। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थियों ने मेरी कहानी, मेरी जुबानी कार्यक्रम के अन्तर्गत अपने अनुभव साझा करते हुए दूसरे लोगों को प्रेरित किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विभिन्न विभागो के स्टाल लगाये गये जिसमें अधिक से अधिक लोगो को सरकार की महत्वूर्ण योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हे लाभ



दिया गया। जिसमें ऑन-स्पॉट सेवाओं के अन्तर्गत स्वास्थ्य शिविर टीबी स्क्रीनिंग, एनीमिया पीएम उज्ज्वला नया नामांकन और बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण, पीएम किसान योजना में नया पंजीकरण, ई के0वाई0सी0, मेरा भारत स्वयं सेवक नामांकन की सुविधाओं से ग्रामवासियों को आच्छादित किया गया। बैंक स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ईकेवाईसी, आधार से लिंक, किसान क्रेडिट कार्ड, मुद्रा लोन, व्यवसायिक लोन से वंचित लोगों को संतृप्त करते हुए प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कृषि विभाग द्वारा जागरूकता स्टॉल लगाते हुए विभिन्न कृषि, कृषक आधारित योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत प्रमाण पत्र वितरित किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत स्टॉल के माध्यम से चिकित्सा परीक्षण एवं आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि ने पात्र लाभार्थियो को सरकार की विभिन्न योजनाओ से लाभान्वित कर उन्हे प्रमाण पत्र दिया एवं गर्भवती महिलाओ की गोदभराई एव बच्चो का अन्नप्रासन किया। अन्त मे मुख्य अतिथि ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपत दिलाई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, एस0पी0ग्रामीण, पी0डी0, समाज कल्याण अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी के साथ अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी क्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत लोक संवाद कार्यक्रम विकास खण्ड, विकास खण्ड भॉवरकोल के ग्राम पंचायत मुर्की आगाद, विकास खण्ड सैदपुर में ग्राम पंचायत रामरेपुर, विकास खण्ड मोहम्मदाबाद के ग्रम पंचायत गौसपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा एल0ई0डी0 वैन माध्यम से प्रधानमंत्री जी के संवाद को सुना गया एवं पंचप्रण की शपथ भी दिलाई।

## संत जोसफ कॉन्वेन्ट स्कूल में बड़े धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव 'संगम, बच्चों और अभिवावकों ने जमकर उठाया आनन्द

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। भरलाई शिवपुर स्थित संत जोसफ कॉन्वेन्ट स्कूल में बड़े धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव 'संगम'` इस समारोह में नन्हे मुन्नों ने धमाल मचाया तो गीत संगीत की खुशबू तैर उठी गायन और नृत्य की मनोरम प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया समारोह का शुभारंभ विद्यालय के मोहक बैंड धुनों के साथ हुआ ` मुख्य अतिथि वाराणसी धर्मप्रांत के बिशप यूजिन जोसफ ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया` संगम 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के सिद्धांत पर आधारित था दीप प्रज्वलन के समय विद्यालय के गायन समूह द्वारा 'ईश वंदना' की सुंदर प्रस्तुति पर विद्यालय का वातावरण भक्तिमय हो उठा ` विद्यालय की छात्रा शताक्षी श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया` विद्यालय को आकर्षक फूलों एवं 'आर्ट एवं क्राफ्ट टीम' द्वारा तैयार किए गए विश्व के प्राचीन स्मारक, विश्व की प्रसिद्ध नृत्य शैलियाँ, त्योहारों एवं सर्वधर्म समभाव से संबंधित कलाकृतियों से मंच को सजाया गया जो आकर्षण का केन्द्र रहा विभिन्न देशों के पारंपरिक परिधानों को भी दशार्या गया` रंगारंग कार्यक्रम की शुरूआत वंदना नृत्य से हुआ नर्सरी के नन्हे मुन्ने 'वी आर अमेज़िंग' पर डांस किया एवं केजी के नन्हे छात्रों ने टूगेदर वी केन चेंज द वर्ल्ड पर डांस कर सभी को आह्लदित कर दिया` कक्षा एक और दो के छात्र छात्राओं के अनेकता में एकता के मनमोहक प्रस्तुति पर विद्यालय परिसर तालियों से गूंज उठा और विश्वास दिलाया कि सारे धर्म एक हैं हम सब एक परिवार हैं` कक्षा तीन से पांच के छात्रों ने प्रेरणादायी नृत्य के माध्यम से संदेश दिया कि महिला सशक्तिकरण वर्तमान युग में एक सुदृढ़ समाज के लिए जरूरी है साथ ही जल के महत्व को दशार्ते नृत्य, भारत के विभिन्न लोक नृत्य, आज कल के युवाओं में बढ़ती नशे की लत से होने वाली हानियों को दशति नाटक 'दर्पण' का मंचन हुआ इस अवसर पर विद्यालय के नेशनल कराटे एवं स्पोर्ट्स के पदक विजेताओं को पुरस्कृत व सम्मानित किया गया` कार्यक्रम का समापन 'सारे जहाँ से अच्छा' से हुआ इस मौके पर विद्यालय की संस्थापिका सिस्टर मीरा, सिस्टर शीला, सिस्टर मैरी एन, फादर सी थामस, फादर रोजलीन राजा, विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर सिजी, उप प्रधानाचार्या सिस्टर लवली, सिस्टर रोसम्मा, सिस्टर मिनी, सिस्टर लता, शिक्षक अभिभावक संघ के सदस्य आदि गणमान्य उपस्थित थे` मंच का संचालन विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा किया गया धन्यवाद ज्ञापन आरिशा खान ने दिया।




## भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने शोक सभा कर कामरेड मीना राय को किया याद



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। तुलसी सागर लंका भाकपा माले जिला कार्यालय पर कामरेड मीना राय की याद में शोक सभा हुई। शोक सभा को सम्बोधित करते हुए भाकपा माले केन्द्रीय कमेटी सदस्य कामरेड ईश्वरी प्रसाद कुशवाहा ने कामरेड मीना राय जी के बारे में संक्षिप्त परिचय देते हुए कहा कि कामरेड मीना राय समकालीन जनमत की प्रबंध संपादक और जन संस्कृति मंच, उत्तर प्रदेश की उपाध्यक्ष थीं। वह कुछ साल पहले अपनी शिक्षण नौकरी से सेवानिवृत्त हुईं। उन्होंने जीवन भर एक प्रतिबद्ध सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक कार्यकर्ता के रूप में काम किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और राजनीतिक कार्यक्रमों में उनकी जीवंत उपस्थिति को याद किया जाएगा, जहां उनका बुकस्टॉल एक सर्वोत्कृष्ट विशेषता हुआ करता था। उन्होंने अपना जीवन प्रगतिशील और लोकतांत्रिक विचारों और मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित कर दिया था। जनमत पोर्टल पर धारावाहिक रूप से प्रकाशित होने वाला उनका बहुचर्चित और प्रशंसित संस्मरण 'समर न जीते कोय' दुखद रूप से अधूरा रह गया। लाल सलाम कामरेड मीना राय! शोक सभा में प्रमुख रूप से भाकपा माले जिला सचिव कामरेड शशीकांत कुशवाहा, योगेन्द्र भारती, मोती प्रधान, गुलाब सिंह, मनोज कुशवाहा, प्रमोद कुशवाहा, जगबली राजभर, बुच्चीलाल, रामदेव बिन्द, आदि लोगों ने सम्बोधित किया। शोक सभा की अध्यक्षता एडवोकेट रामअवतार राय व संचालन शशिकांत कुशवाहा ने किया।

## संत अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल में नन्हें हुनर की बगिया बाल वाटिका का वार्षिकोत्सव कलरव- 2023 का आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। संत अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल कोइराजपुर हरहुआ के इंद्रधनुष सभागार में नन्हें हुनर की बगिया बाल -वाटिका का कलरव गूँज उठा ` गिलट- बाजार एवं कोइराजपुर शाखा के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालय के कनिष्ठ वर्ग का वार्षिकोत्सव कलरव- 2023 सम्पन्न हुआ इस भव्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रेम पासवान (डिप्टी कामाण्डेन्ट, 11वीं बटॉलियन, एन.डी. आर.एफ) की उपस्थिति अत्यंत प्रेरणादायी एवं अजस्त्र ऊर्जा का स्त्रोत रही ` प्रधानाचार्या डॉ नीलम सिंह ने पधारे सभी गणमान्य अतिथि एवं अभिभावकों का स्वागत करते हुए आभार एवं कृतज्ञता ज्ञापित की` सांस्कृतिक कार्यक्रम का आरम्भ ताल-तरंग के साथ हुआ जिसमें वाद्य यंत्रों की समवेत ध्वनि को प्रसृत करते नन्हें फनकारों की प्रतिभा को सभी ने सराहा` समूह नृत्य के माध्यम से बच्चों ने मनुष्य जीवन के इहलौकिक तीन आयामों



तमस,रजस एवं सत्व की प्रतीक त्रिदेवी स्वरूप की मनमोहक प्रस्तुति की कहीं होली के मनभावन रंग बिखरें तो कहीं सारा भारत एक देश नृत्य द्वारा बच्चों ने विभिन्न प्रदेशों की नृत्य कला का अद्भुत संगम बिखेरा` लघु नाटिका के माध्यम से नन्हें सिपाहियों ने पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया` मंच पर विलक्षण क्षण वह था जब इन नन्हें कलाकारों के साथ उनके अभिभावकों के कदम थिरके जिसने सभी को आहलादित करने के साथ-साथ भाव विभोर कर दिया` कृष्ण-लीला की मनोरम प्रस्तुति ने नटखट कृष्ण से लेकर कृष्ण के विराट स्वरूप की याद दिला दी` प्रॉप डॉन्स एवं एरोबिक डॉन्स पर भी नन्हें कदमों का गति सौन्दर्य अद्भुत एवं रोमांचकारी दिखायी दिया भाव विभोर कर देने वाली कव्वाली न जाने बचपन कहाँ खो गया ने सभी को एक बार फिर उनका बचपन याद दिला दिया इस अवसर पर निदेशिका डॉ. वन्दना सिंह के साथ सह-निदेशक आयुष्मान सिंह भी उपस्थित रहे` मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन में कहा कि इन्हीं नन्हें हाथों में देश का भावी भविष्य है इसलिए हमें इनके सर्वांगीण विकास हेतु तत्पर रहना होगा जिससे हमारा देश वैश्विक पटल पर अपना परचम लहरा सके` संस्था सचिव राहुल सिंह ने बाल हुनर की प्रस्तुति से भाव- विभोर होकर कहा कि इनका बचपन हम सभी में नयी आशा और ऊर्जा का संचार करता है हम इनके स्वर्णिम भविष्य निर्माण के लिए दृढ़ संकल्पित हैं और रहेंगे` कार्यक्रम का संचालन गिलट बाजार शाखा से रोहिनी सिंह, संस्कृति सिंह,अंशिका सिंह एवं विक्रान्त सिंह ने किया तथा कोइराजपुर शाखा से मानवी राजपूत, पावकी सिंह, युवराज सिंह एवं राजवीर सिंह द्वारा किया गया।

## इंटरनेट और मोबाइल उपभोक्ता है साइबर अपराधियों के निशाने पर : डॉ. दिग्विजय



प्रखर जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के साइबर क्लब द्वारा प्रो. राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया भौतिकी संस्थान आर्यभट्ट सभागार में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता का कार्यक्रम गुरुवार को आयोजित किया गया। साइबर क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भारत में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहा है साइबर अपराधी नित नए तरीके अपना रहे है. इंटरनेट और मोबाइल का प्रयोग करने वाले सभी उपभोक्ता साइबर अपराधियों के निशाने पर रहते है. ऐसे में जागरूकता ही हमें बचा सकती है. उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की सरकार साइबर अपराध से लोगों को सुरक्षित रखने विभिन्न स्तरों पर काम कर रही है. उत्तर प्रदेश सरकार ने महिला हेल्प लाइन के माध्यम से भी साइबर सुरक्षा प्रदान करने का काम किया है. इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे है. उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया का प्रयोग सावधानी से करें. अपरिचितों से दोस्ती खतरे में डाल सकती है. उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया से हमारी जानकारी साइबर अपराधी जुटाते है और पूरी रणनीति के साथ अपने जाल में फसा लेते है. उन्होंने कहा कि बच्चों के मोबाइल फोन के प्रयोग की निगरानी करें. गेम के नाम भी बड़ी धोखाधड़ी की जा रही है. बैंकिंग और पेमेंट के एप्प पर अलग से पासवर्ड रखें. इसके साथ ही गूगल प्ले स्टोर पर कई ऐसे एप्लीकेशन है जिससे बच्चों के मोबाइल पर निगरानी रखी जा सकती है. उन्होंने हैकिंग, फिशिंग, फर्जी विज्ञापन, ऑनलाइन खरीदारी फ्राड, फोन कॉल करके फ्राड आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की. उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी मानसिक और आर्थिक शोषण के साथ- साथ ब्लैकमेल कर शारीरिक शोषण भी कर रहे है. इनसे डरने की नहीं बल्कि लड़ने की जरुरत है. इस अवसर पर प्रो. बी बी तिवारी, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो वंदना राय, प्रो. ए. के. श्रीवास्तव, प्रो. संदीप सिंह, प्रो. बी. डी. शर्मा, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. मुराद अली, डॉ मनोज मिश्र, डॉ रसिकेश, डॉ सुनील कुमार, डॉ जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ अन्नू त्यागी समेत विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे.

## संक्षिप्त खबरें

### टैबलेट से उपस्थिति दर्ज कराना बिल्कुल अव्यवहारिक है : सनत कुमार सिंह



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ शिक्षक नेता सनत कुमार सिंह ने बताया कि माह नवम्बर में कुल सात जिलों में बेसिक शिक्षकों की उपस्थिति टैबलेट के माध्यम से कराये जाने का उ0प्र0 प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेशचन्द्र शर्मा के निर्देशन में संघ के पदाधिकारियों एवं शिक्षकों द्वारा प्रबल विरोध किया गया और उक्त जनपदों में संघ को इतनी सफलता मिली कि कोई भी शिक्षक अपना सिम लगाकर टैबलेट से उपस्थिति लगाने का समर्थन नहीं किया स्पष्ट है कि टैबलेट से उपस्थिति की योजना फ्लाप शो साबित हो कर रह गयी है सनत कुमार सिंह ने कहा कि पूर्व में विद्यालयों का भौतिक निरीक्षण बार-बार कराया गया परंतु शिक्षकों की अनुपस्थिति नहीं के बराबर मिली` शिक्षकों को बदनाम करने की साजिश को हम सब शिक्षक मिलकर नाकाम करेंगे हम शिक्षकों द्वारा हर हाल में टैबलेट से उपस्थिति का विरोध किया जाना है कोई भी शिक्षक अपना सिम कार्ड टैबलेट में न लगायें और न ही अपने आई डी पर सिम कार्ड खरीदें सनत कुमार सिंह ने शिक्षकों से अपील किया है कि टैबलेट उपस्थिति का पुरजोर विरोध करें अपने हितों के रक्षार्थ आवाज दो हम एक हैं के नारे को चरितार्थ करें।

### मांगों को लेकर कोटेदार का अनिश्चितकालीन हड़ताल आज से

प्रखर दानगंज चोलापुर। वाराणसी विकासखंड के कोटेदार कमीशन की मांग को लेकर एक जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल संगठन के नेतृत्व में करेंगे। जानकारी के अनुसार ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय सचिव गिरीश तिवारी ने मंडल के कोटेदारों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय महासचिव विशंभर बसु के नेतृत्व में एक जनवरी से देश के 36000 राशन डीलर अनिश्चित अनिश्चित हड़ताल करेंगे जब तक उनका कमीशन नहीं बढ़ाया जाता है राष्ट्रीय महासचिव ने बताया कि प्रधानमंत्री जी ने कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 80 करोड़ जनता को पांच साल के लिए फ्री राशन दिया जाएगा अपने वोट के लिए राशन फ्री कर रहे हैं लेकिन जो लोग इसको जानता तक वितरण कर रहे हैं ऐसे राशन डीलर अपनी मांग को लेकर अनिश्चितकालीन राशन हड़ताल करेंगे ताकि प्रदेश में मुख्यमंत्री को पता चले कि कोटेदार कितने परेशान हैं अगर सरकार हम लोगों का कमीशन नहीं बढ़ाया तो संगठन में और आगे मांग की लड़ाई लड़ी जाएगी। बैठक में प्रदेश सचिव अजय जयसवाल, राजेंद्र जायसवाल महानगर अध्यक्ष जिला अध्यक्ष ब्रह्मा देव मिश्रा सहित तमाम कोटेदार मौजूद रहे।

### स्व0 रामबली चौहान की मनी 5वी पुण्यतिथि, 501 विकलांग व बुजुर्गो को दिया गया कंबल

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बिरनो विकासखंड के बोगना ग्राम पंचायत में दो दशकों तक ग्राम प्रधान रहे स्वर्गीय रामबली चौहान की मनाई गई पांचवीं पुण्यतिथि। इस पुण्यतिथि के अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह ने कार्यक्रम का प्रारंभ करते हुए स्व रामबली चौहान की चित्र पर पुष्प अर्पित और दीप प्रज्वलित कर प्रारम्भ किया और उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि आज यह कार्यक्रम सिर्फ पुण्यतिथि का नहीं बल्कि एक संदेश का है क्योंकि जो पहचान स्व रामबली चौहान जी ने दो दशकों तक ग्राम पंचायत में ग्रामवासियों के सेवा भाव में लगाया आज उनके स्वर्ग लोक में चले जाने के बाद भी उनके परिवार जनों के द्वारा गांव की गरीब विधवा विकलांग वृद्ध पुरुष और महिलाओं का कंबल वितरित कर एक पुनित कार्य भी किया जाता है जिसके लिए यह परिवार बहुत धन्यबाद का पात्र है । विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक उमाशंकर कुशवाहा ने संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम से एक अलख जगाने का और समाज में एक संदेश देने का कार्य किया जाता है की अपने पुरखों का सम्मान और स्वाभिमान का ख्याल रखना सभी लोगों का कर्तव्य है परिवार में और समाज में एकता की बहुत आवश्यकता है। इस मौके पर 501 पुरुष और महिलाओं को कंबल वितरित किया गया। इस मौके पर अवधेश राजभर, चंद्रभान चौबे, बृजभान सिंह, डॉ रामा चौहान ,डॉ रमाशंकर राजभर, कांग्रेस नेता चंद्रिका सिंह, बसपा नेता सुभाष राम ,राकेश यादव, अशोक राम ,बंसी यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे इस कार्यक्रम की अध्यक्षता रामजन्म चौहान और संचालन जिला पंचायत सदस्य शैलेश यादव ने किया कार्यक्रम के आयोजक प्रभाकर चौहान ने आए हुए सभी आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया।

### 3 दिसम्बर को होगा उ0प्र0 राज्य कर्मचारी महासंघ का ऐतिहासिक महायज्ञ

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। उ0प्र0 राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रान्तीय अध्यक्ष राम लाल यादव जी मुख्य अतिधि रहेगे । पुरानी पेंशन बहाली को लेकर सरजू पाण्डेय पार्क मे पुरामी पेंशन अधिकार महायज्ञ समय 11 बजे से होना सुनिश्चित है राज्य कर्मचारी महासंघ गाजीपुर के जिलाध्यक्ष बालेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि महासंघ, शिक्षक संगठनो द्वारा पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा विगत कई माह से चरणबद्ध तरीके से आन्दोलन चलाया जा रहा है जिसमे जिला स्तरो पर मोटरसाइकिल जुलूस और महायज्ञ किया जा रहा है ।महासंघ के जिला मंत्री ने कहा कि अगर सरकार अपनी बातो पर अड़ी रही तो 2024 मे इसका खामियाजा भुगतनी पड़ेगी सफाई कर्मचारी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनीता यादव ने कहा का मै इस महायज्ञ मे पूर्ण रूप से समर्थन करती हू और जनपद के समस्त, कर्मचारी भाई एव बहन अपनी मतभेद भुलाकर इस महायज्ञ मे पहुंचकर सफल बनावे ।

### विश्व एड्स दिवस पर स्वास्थ्य विभाग ने निकाली रैली, सीएमओ ने दिखाई हरी झंडी

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस - एक्वायर्ड इम्यूनोडेफिशिएंसी सिंड्रोम यानि एचआईवी/एड्स के प्रति जन जागरूकता के लिए शुक्रवार को विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ डॉ देश दीपक पाल ने गोरा बाजार स्थित जिला चिकित्सालय से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली जिला अस्पताल से पीजी कॉलेज चौराहा से होते हुये विकास भवन, रिवर बैंक कॉलोनी से होकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर आकर समाप्त हुई। इसके बाद सीएमओ ने हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जन जागरूकता गोष्ठी भी का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि जन जागरूकता के उद्देश्य से हर साल एक दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम लेट कम्यूनिटीज लीड निर्धारित की गई है। यह थीम इस बात पर जोर देती है कि एड्स से प्रभावित लोग अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए अपनी आवाज उठाने में सक्षम बनें। बीमारी को रोकने के लिए समाज की अहम भूमिका के बारे में जागरूक करने के लिए इस थीम को चुना गया है। सीएमओ ने कहा कि संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से एड्स की बीमारी नहीं होती है। इसके साथ ही संक्रमित व्यक्ति के छूने, साथ बैठने और खाने से भी यह बीमारी नहीं फैलती है। संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन सम्बन्ध बनाने से यह बीमारी फैलती है इससे बचाव के लिए सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समाज में एड्स से बचने के लिए जागरूकता अत्यन्त जरूरी है। एचआईवी, एड्स रोगी से समानता का व्यवहार किया जाए और कोई दुर्व्यवहार न हो। जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि एचआईवी-एड्स लाइलाज बीमारी है। इसकी रोकथाम के लिए बचाव व जागरूकता ही एकमात्र उपाय है। इसके लिए लोगों को जागरूक होना जरूरी है। एड्स के प्रति सामाजिक मिथकों को दूर करना, आहार, पोषण, स्वच्छता और स्वस्थ जीवन शैली के लिए युवाओं को प्रेरित होने की जरूरत है।

शिक्षा के क्षेत्र में

# नई राहें



## एम.एम.पब्लिक स्कूल ने संस्थापिका स्मृति दिवस पर किया कला एवं शिल्प का आयोजन



एम. एम. पब्लिक स्कूल पीतमपुरा दिल्ली के प्रांगण में 29 नवंबर 2023 को विद्यालय की संस्थापिका श्रीमती कृष्णा पाठक जी की पुण्य स्मृति में उन्नीसवीं अंतर विद्यालय कला एवं शिल्प प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय पिछले 19 वर्षों से इस भव्य प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। इस वर्ष इसमें दिल्ली एवं दिल्ली एन. सी. आर. के 130 विद्यालयों के 5497 छात्र – छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के गणमान्य अतिथि एवं प्रायोजक शदाब आलम डिप्टी जनरल मैनेजर ई. एस . जी (पी. पी. आर. डी. सी), अंशुल गुप्ता सीनियर मैनेजर पेट्रोकेमिकल मार्केटिंग (आइ. ओ. सी. एल), डॉ अमित कुमार सिंह मैनेजर आर एंड डी (यूफ्लेक्स), श्री सुधीर खुराना मैनेजर सिस्टम एंड कम्यूनिकेशन (आई. सी. पी.ई), नेहा मौर्या प्रोजेक्ट ऑफिसर (आई.सी.पी.ई.) ने कार्य क्रम में उपस्थित होकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। बच्चों के लिए कला उनके भीतर सुप्त प्रतिभाओं को बाहर निकालने का एक सहज सरल माध्यम है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए प्रतियोगिता को 10 विभिन्न वर्गों में बांटा गया। छात्रों ने चित्रकला, रंगोली, शिल्प कला आदि माध्यमों से अपने मनोभावों को कुशलता से व्यक्त करते हुए अपने सपनों, कल्पनाओं और रंगों का इस खूबसूरती से प्रयोग किया कि इनकी रचनाएं एवं कलाकृतियां देख कर निर्णायक मंडल के अध्यक्ष विद्यालय के निर्देशक सोमेश ऋषि पाठक, प्रधानाचार्या रूमा पाठक, गणमान्य अतिथियों, विधालय के कला विभाग की प्रभारी तथा अन्य सदस्यों के लिए यह निर्णय करना कठिन हो गया कि किस छात्र की कलाकृति को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया जाए। सभी ने छात्रों द्वारा बनाई कलाकृतियों की भूरी भूरी प्रशंसा की।

## टहनियों पर सोते समय क्यों नहीं गिरते पक्षी



दरअसल इंसानों के सोने के लिए एक आरामदायक जगह की जरूरत होती है, जहां उनका शरीर आराम से टिक सके। इसके अलावा इंसान जब वे सोता है, तो उसे उस समय अपनी नींद के अलावा कुछ और दिखाई नहीं देता। इंसान एक समय में कई घंटों की नीद लेता है, जब जाकर उसकी नींद पूरी होती है, लेकिन क्या आपने अपनी नींद के अलावा पक्षियों की नींद और उनके सोने के तरीके के बारे में सोचा है। क्या आपने कभी इस बात पर गौर किया है कि आखिर पक्षी जब पेड़ पर सोते हैं, तो वे सोते समय गिरते क्यों नहीं है। अगर आपने कभी ऐसा नहीं सोचा या आपके इसके पीछे की वजह के बारे में नहीं जानते, तो आईये आज हम आपको इसके पीछे की खास वजह के बारे में बताते हैं।

**छोटी-छोटी नींद लेते हैं-पक्षी**



दरअसल, पक्षी पेड़ पर डाल पर बैठे-बैठे सो जाते हैं और सोते समय गिरते भी नहीं है। ऐसा होने के पीछे कई कारण हैं। सबसे पहले आपको बता दें कि पक्षी छोटी-छोटी नींद लेते हैं। वो एक समय में कुछ सेकेंड के लिए ही सोते हैं। इसके अलावा सोते समय पक्षियों की एक आंख सुली रहती है, जिससे उनका दिमाग एक्टिव भी रहता है। पक्षी अपने दिमाग को कुछ इस तरह कंट्रोल करते हैं कि सोते समय उनके दिमाग का एक हिस्सा हमेशा एक्टिव रहे। जब पक्षी अपनी दाईं आख खुली रखता है, तब उसका लेफ्ट हेमिस्फियर एक्टिव रहता है। उसी प्रकार जब पक्षी अपनी बाईं आंख को खोलकर सोता है, तब उसका राइट हेमिस्फियर एक्टिव होता है। पक्षियों की इस तरह से नींद लेने की क्षमता उन्हें कई खतरों से बचाती है। उन्हें सोते समय भी शिकारी के नजदीक आने का एहसास हो जाता है। इसके अलावा वे इसी क्षमता के कारण सोते समय अपने आप को गिरने से भी बचाते हैं। हालांकि, पक्षियों के पैरों की बनावट भी उनकी काफी मदद करती है। उनके पैरों की बनावट कुछ इस प्रकार की होती है कि वे बड़ी ही आसानी से पेड़ की टहनियों को जकड़ लेते हैं और तब तक नहीं छोड़ते, जब तक उनके पैर फिर से सीधे ना हो जाएं। सोते समय उनके पंजे एक लॉक काम करते हैं, जिस वजह से पक्षी सोते समय भी पेड़ से नहीं गिरते।

# 1 दिसम्बर को ऐसे मनाया जाता है
# विश्व एड्स दिवस



विश्व एड्स दिवस के खास मौके पर समाज में HIV संक्रमण के प्रति सभी उम्र के लोगों को जागरूक किया जाता है। इसे बढ़ावा देने के लिए हर साल WHO यानी विश्व स्वास्थ्य संगठन, विश्व एड्स दिवस के मौके पर एक थीम निर्धारित करती है, जिसमें इस साल WHO ने विश्व एड्स दिवस का विषय 'Let Communities Lead' यानी समुदायों को नेतृत्व करने दें। पर सेलिब्रेट कर रही है।

असल में, विश्व एड्स दिवस हर साल 1 दिसंबर को मनाया जाता है। WHO ने पहली बार विश्व एड्स दिवस की शुरुआत 1988 में की थी। इस दिन को मनाए जाने का मकसद ह्यूमन इम्यूनोडेफिशियेंसी वायरस (HIV)/ एड्स के बारे में जागरूकता फैलाना और इस बीमारी से प्रभावित लोगों को समर्थन करना होता है।

**ये है इस साल का वर्ल्ड एड्स डे थीम**

विश्व एड्स दिवस पर इस साल की थीम Let Communities Lead का उद्देश्य एड्स से प्रभावित समुदायों को नेतृत्व करने की भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित करना है। यह थीम इस बात पर प्रकाश डालती है कि एड्स से प्रभावित लोग अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए अपनी आवाज उठाने और कार्रवाई करने में सक्षम बनें। एड्स से प्रभावित लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा और रोजगार के समान अवसरों तक पहुंच होनी चाहिए। जिससे WHO के मुताबिक इस थीम का मकसद पूरा हो सके।

रिपोर्ट लेट कम्युनिटीज लीड में, यूएन एड्स का लक्ष्य है कि दुनिया 2030 तक एड्स को पब्लिक हेल्थ के खतरे को खत्म कर सकती है, लेकिन यह केवल तभी संभव है जब इस अभियान में कम्युनिटी को पूरी तरह से शामिल किया जाए और नेतृत्व करने के लिए फंड किया जाए।

यह इस बात पर गौर करता है कि कैसे कम फंडिंग से एड्स को खत्म किया जा सकता हैं।

**विश्व एड्स दिवस इसलिए मनाया जाता है**

विश्व एड्स दिवस एचआईवी/एड्स के बारे में जागरूकता फैलाने और दुनिया भर में इस बीमारी से प्रभावित लोगों को समर्थन करता है। इस दिन का मकसद यह तय करना है कि एड्स से प्रभावित लोग कलंक और भेदभाव के बिना समाज में सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी सकें। इनके साथ होने वाली छुआछूत के भेदभाव को खत्म करना है। इस दिन का मकसद यह भी होता है कि नई दवाओं के साथ साथ उपचार में होने वाली सुधार के लिए समर्थन जुटाना है और यह तय करना है कि एचआईवी / एड्स से प्रभावित सभी लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच हो सके।

**42 साल बाद भी नहीं बना कोई टीका**

साल 1981 में अमेरिका में इस बीमारी की पहली बार पहचान की गई थी। लेकिन, 42 साल बाद भी इस बीमारी की कोई वैक्सीन नहीं आ पाई। दरअसल, इसका कारण समझने के लिए आपको इस बीमारी को समझना होगा। जैसे कि ज्यादातर टीके हमारे शरीर को विभिन्न वायरस या पैथजन से लड़ने के लिए एंटीबॉडी बनाने के लिए प्रेरित करते हैं, लेकिन एचआईवी खुद को छिपा लेता है, ताकि अगर हम एंटीबॉडी बना भी लें, तो वायरस उनसे बचने के लिए बदल जाता है। इसके अलावा वायरस जो कि डीएनए में एकीकृत होता है, यह हमारे द्वारा उपयोग किए जा सकने वाले वैक्सीन प्लेटफॉर्म को सीमित करता है। इसलिए, बदलते प्रोटीन स्पाइक और डीएनए की वजह से आज तर कोई प्रभावी वैक्सीन नहीं बन पाई है।

*यूएन का लक्ष्य है कि दुनिया 2030 तक एड्स को पब्लिक हेल्थ के खतरे को खत्म कर सकती है, लेकिन यह केवल तभी संभव है जब इस अभियान में कम्युनिटी को पूरी तरह से शामिल किया जाए और नेतृत्व करने के लिए फंड किया जाए।*



# इन कोर्स के माध्यम से आप भी पा सकते हैं प्लेसमेंट



इस साल लॉन्च हुए नए कोर्स करने से आसानी से प्लेसमेंट मिल सकता है, क्योंकि इससे आपको नई स्किल्स और नॉलेज मिलती है। ये स्किल्स और नॉलेज आज के मार्केट में डिमांड में हैं। इसलिए, जब आप इन स्किल्स और नॉलेज के साथ जॉब मार्केट में आते हैं, तो आपके पास दूसरे उम्मीदवारों की तुलना में अधिक अवसर होते हैं।

आसानी से प्लेसमेंट लेने के लिए करियर लक्ष्यों को निर्धारित करें। आप क्या करना चाहते हैं? आप किस क्षेत्र में काम करना चाहते हैं? अपने करियर लक्ष्यों को निर्धारित करने से आपको सही दिशा में काम करने में मदद मिलेगी।

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस**

ए आई इंडस्ट्री में काफी व्यापक परिवर्तन ला रहा है और कुशल ए आई प्रोफेशनल की बढ़ती मांग है। ए आई में अप स्किलिंग मशीन लर्निंग, डेटा साइंस और रोबोटिक्स जैसे क्षेत्रों में नए करियर के अवसर खोल सकती है।




**साइबर सुरक्षा**

जैसे-जैसे बिजनेस और ऑर्गनाइज्ड टेक्नोलॉजी पर ज्यादा निर्भर होते जा रहे हैं, वैसे ही साइबर सुरक्षा की मांग तेजी से बढ़ती जा रही है। साइबर सुरक्षा में अप स्किलिंग आपको इम्पोर्टेंट डेटा और सिस्टम को साइबर हमलों से बचाने में मदद कर सकती है।

**डेटा साइंस**

आज की डाटा ड्रिवेन दुनिया में डेटा साइंस एक वैल्यू बल स्किल्स है। डेटा साइंस में अप स्किलिंग आपको इंफोर्मेड डिसीजन लेने के लिए डेटा कलेक्ट करने, एनालिसिस करने और उसकी डिस्क्राइब करने में मदद कर सकती है।

**क्लाउड कंप्यूटिंग**

क्लाउड कंप्यूटिंग एक बढ़ती हुई ट्रेंड है जो बिजनेस के कोआर्डिनेशन के तरीके को बदल रही है। क्लाउड कंप्यूटिंग में अप स्किलिंग आपको क्लाउड में डेटा को प्रबंधित और स्टोर करने में मदद कर सकती है, और क्लाउड बेस्ड एप्लीकेशन डेवलप कर सकती है।

**प्रोजेक्ट मैनेजमेंट**

एजाइल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स को मैनेज करने के लिए एक पॉपुलर मेथड है। एजाइल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट में अप स्किलिंग आपको परियोजनाओं को अधिक स्किल्ड और प्रभावी ढंग से बांटने में मदद कर सकती है।

**प्रोडक्ट मैनेजमेंट**

प्रोडक्ट मैनेजमेंट नए प्रोडक्ट और सर्विसेज के डेवलपमेंट और लॉन्च की देखरेख के लिए जिम्मेदार होते हैं। प्रोडक्ट मैनेजमेंट में अप स्किलिंग आपको बाजार की जरूरतों को पूरा करने वाले प्रोडक्ट को डेवलप करने में मदद कर सकती है।



**बिजनेस एनालिटिक्स**

बिजनेस एनालिटिक्स इनफॉर्म्ड बिजनेस डिसीजन लेने के लिए डेटा का इस्तेमाल करने की प्रक्रिया है। बिजनेस एनालिटिक्स में अप स्किलिंग आपको रुझानों की पहचान करने, फ्यूचर के परिणामों की प्रिडिक्शन करने और बिजनेस के प्रेजेंटेशन में सुधार करने में मदद कर सकती है।

**मार्केटिंग और सेल्स**

सेल्स किसी भी बिजनेस के लिए एक महत्वपूर्ण कार्य है। बिक्री में अप स्किलिंग आपको अधिक सौदे बंद करने और अधिक राजस्व जनरेट करने के लिए जरूरी कौशल डेवलप करने में मदद कर सकती है।


# गोल्ड मैडल जीतकर बलजीत ने किया देश का नाम रोशन

कुछ लोगों के सपने उनकी उम्र से बड़े होते हैं। अपने सपने को पूरा कर लक्ष्य को पाने के लिए ऐसे लोग कड़ी मेहनत करते हैं। ऐसा ही लक्ष्य है। कुतुबगढ़ निवासी बलजीत की जिन्होंने महज 20 वर्ष की उम्र में यूक्रेन में आयोजित वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में दो सिल्वर जीतकर दिल्ली का ही नहीं देश का नाम रोशन किया था। गत्दिनों गोरेगांव, मुंबई में आयोजित एमेच्योर ओलंपिया में अपने वजन वर्ग (67.5 किग्रा), सीनियर में चैंपियन टाइटल और स्वर्ण पदक जीता है। इतना ही नहीं बलजीत ने 14 अप्रैल को जम्मू में आयोजित नेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में सबको पछाड़ते हुए गोल्ड पर कब्जा जमाया। यह मुकाम उन्होंने 67.5 किलोग्राम भार वर्ग में हिस्सा लेकर स्पर्धा में मैडल जीता। इसके अलावा जूनियर ओपन स्टेट डेडलिफ्ट स्ट्रॉन्ग मैन का टाइटल अपने नाम किया। बलजीत ने बताया कि जूनियर बैंच प्रेस में 130 किलोग्राम और डेडलिफ्ट में 200 किलोग्राम उठाया और मेडल अपने नाम किया। बलजीत ने इस उपलब्धि के लिए अपने गुरु सुनील लोचव को श्रेय दिया है। अब उनका मकसद राष्ट्रमंडल खेल में गोल्ड झटकना है। उन्होंने इसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी है। पांच भाई-बहनों में सबसे छोटे बलजीत ने जन्म के साथ ही गरीबी देखी है। उनके पिता सतबीर दिहाड़ी मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। बलजीत कहते हैं कि उनकी मां आशा घरेलू महिला है। पिता ने कभी भी उन्हें गरीबी महसूस नहीं होने दी। उन्हें अपने पिता पर गर्व है।



**नहीं मिल पाता थ संपूर्ण डाइट**

आपको बता दे कि उनके घर के हालात ठीक नहीं थी। इस कारण उन्हें प्रॉपर डाइट नहीं मिल पा रही थी उनके पास इतने पैसे भी नहीं होते की वह सही जगह प्रैक्टिस कर सके।



## रैट होल माइनिंग पर 9 साल पहले लगा था बैन आज वही बना संजीवनी

रैट होल माइनिंग तकनीक के जरिए सुरंग में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने की कोशिश कामयाब हो गई है। मजदूर सुरंग में करीब 60 मीटर की दूरी पर फंसे हुए थे जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाला गया। मशीन ने 48 मीटर तक ड्रिलिंग की थी। इसके बाद रैट माइनिंग में माहिर टीम निकाला। जिस पर पूरे देश की नजर टिकी हुई थी। दरअसल, दिवाली के दिन हुए हादसे के बाद से लगातार टनल में फंसे 41 मजदूरों को बचाने की जंग जारी थी। अंत में रैट होल माइनिंग तकनीक अपनाने का फैसला लिया गया, जिसके बाद कुछ जांबाजों को तैयार किया गया था। अब तक इन रैट माइनर्स की कड़ी मेहनत और देश की प्रार्थना के बाद मिशन पूरा हो चुका है। ऐसे में आपके मन में सवाल आ रहा होगा कि आखिर यह कौन-सी तकनीक है, जिसको सभी मशीनों के फेल होने के बाद अपनाने का फैसला लिया गया। आज हम बताएंगे इसके बारे में।

**ये होता है रैट होल माइनिंग**

सिल्क्यारा सुरंग में सभी मशीनों द्वारा खुदाई होने के बाद अब हॉरिजॉन्टल खुदाई करने का फैसला किया गया, जो कि मैनुअल विधि से पूरी की गई। दरअसल, इसके लिए सुरंग बनाने वाले कुशल कारीगरों की जरूरत होती है। इन कारीगरों को रैट माइनर्स कहा जाता है।

रैट होल माइनर्स को संकीर्ण सुरंग बनाने के लिए तैयार किया जाता है। इनका काम मेघालय जैसे इलाकों में कोयला निकालने के लिए किया जाता है। यह माइनर्स हॉरिजॉन्टल सुरंगों में सैकड़ों फीट तक आसानी से नीचे चले जाते हैं।

दरअसल, आमतौर पर एक व्यक्ति के लिए पर्याप्त गड्ढा खोदा जाता है। एक बार गड्ढा खोदे जाने के बाद माइनर रस्सी या बांस की सीढ़ियों के सहारे सुरंग के अंदर जाते हैं और फिर फावड़ा और टोकरियों जैसे उपकरणों के माध्यम से मैनुअली सामान को बाहर निकालते हैं। इस प्रॉसेस का सबसे ज्यादा इस्तेमाल मेघालय के कोयला खदान में किया जाता है।

**9 साल पहले बैन की गई प्रक्रिया**

साल 2014 में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने मजदूरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस विधि पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि, इसके बाद भी कई इलाकों में रैट होल माइनिंग जारी है, जो कि अवैध माना जाता है। मेघालय में सबसे ज्यादा रैट होल माइनिंग होती है, जिसके कारण न जाने कितने ही मजदूरों को अपनी जान गंवानी पड़ जाती है।

**ड्रोन मैपिंग का लिया सहारा**

रैट होल ड्रिलिंग करने से पहले अधिकारियों ने ड्रोन-मैपिंग का सहारा लिया था, जिससे रेस्क्यू करना आसान हो सके। दरअसल, ड्रोन-मैपिंग के जरिए उपयुक्त स्थान की 3डी मैपिंग की जाती है, जिससे स्थिति को समझने में आसानी हो। दरअसल, अक्सर मशीने रास्ते में जाकर फंस जा रही है, ऐसे में ड्रोन मैपिंग के जरिए पता लगाया जाएगा कि किस स्थान पर कितना बड़ा पत्थर या कैसे मलबा है, ताकि आगे रेस्क्यू करने में आसानी हो। इसके अलावा, जब ड्रोन मैपिंग के जरिए किसी स्थान की 3डी इमेज और वीडियो मिल जाती है, तो इस किसी ऐसे विशेषज्ञ के पास भेजना आसान हो जाता है, जो मौके पर नहीं पहुंच पाते। इसके जरिए अलग-अलग विशेषज्ञों ने उचित राय लेकर कार्रवाई करना आसान हो जाता है। आपको बता दें कि 12 नवंबर से धूप की रोशनी को तरसे गए थे मजदूर। 17वें दिन मिल ही गई सफलता।

## GENERAL KNOWLEDGE

-इंसान की आंख का वजन कितना होता है ?
**उत्तर**-इंसान की आंख का वजन 8 ग्राम होता है।
-इंसान की ऐसी कौन सी चीज है जो हमेशा बढ़ती ही जाती है ?
**उत्तर**-इंसान की उम्र हमेशा बढ़ती ही जाती है।
-धूल का प्रदूषण रोकने के लिए कौन सा पेड़ सहायक होता है?
**उत्तर**-धूल का प्रदूषण रोकने के लिए पीपल का पेड़ सहायक होता है।
-गांधी जी का चश्मा किसने खरीदा था ?
**उत्तर**-ब्रिस्टल की एक नीलामी एजेंसी ने महात्मा गांधी का चश्मा 2.55 करोड़ रुपये में नीलाम किया. इसे अमरीका के एक कलेक्टर ने खरीदा।
-इंसान के शरीर की सबसे मजबूत हड्डी कहां की होती है ?
**उत्तर**-इंसान के शरीर की सबसे मजबूत हड्डी जबड़े की होती है।
-सूरज की किरण से हमें कौन सी विटामिन मिलती है ?
**उत्तर**-सूरज की किरण से हमें विटामिन डी मिलती है।
- क्या आप जानते हैं कि ब्रद्ध गंगा के नाम से किस नदी को जाना जाता है?
**उत्तर**-बता दें कि गोदावरी नदी को ही ब्रद्ध गंगा के नाम से जाना जाता है।

**खबर संक्षेप**

## रुपया सात पैसे टूटकर 83.39 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया बृहस्पतिवार को सात पैसे की गिरावट के साथ 83.39 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।



वैश्विक बाजार में डॉलर के मजबूत होने और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच रुपये में गिरावट आई। विदेशी मुद्रा विश्लेषकों ने कहा कि तेल उत्पादक समूह ओपेक+ द्वारा वार्षिक उत्पादन लक्ष्य की घोषणा से पहले कच्चे तेल की कीमतें 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब थीं।

## टाटा पावर कानपुर में 12 ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाएगी

**नई दिल्ली।** टाटा पावर की इकाई टाटा पावर ईवी चार्जिंग सॉल्यूशंस कानपुर में छह स्थानों पर 12



इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन लगाएगी। कंपनी ने इसके लिए कानपुर नगर निगम के साथ एक समझौता किया है। कंपनी ने एक बयान में कहा, 'टाटा पावर समूह की कंपनी टाटा पावर ईवी चार्जिंग सॉल्यूशंस लिमिटेड ने कानपुर में छह स्थानों पर 12 ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए कानपुर नगर निगम के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।'

## सोने में 300 रुपए की गिरावट, चांदी में तेजी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 300 रुपये की



गिरावट के साथ 63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। इसके साथ सोने का भाव उच्चतम स्तर से नीचे आया है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र के अंत में सोने की कीमत 63,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। हालांकि, चांदी की कीमत 200 रुपये बढ़कर 79,200 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

## स्टरलाइट पावर को मिला राजस्थान में ठेका

**नई दिल्ली।** स्टरलाइट पावर को राजस्थान में आठ गीगावॉट हरित ऊर्जा पारेषण परियोजना का मिला



ठेका मिला है। कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, उसे राजस्थान आरईजेड पीएच-IV (भाग-1-बीकानेर कॉम्प्लेक्स): भाग-बी पारेषण परियोजना का ठेका मिला है। स्टरलाइट पावर के प्रबंध निदेशक प्रतीक अग्रवाल ने कहा, 'पारेषण आज भारत के ऊर्जा बदलाव की सफलता को रेखांकित करता है।

## टाटा कॉफी को वियतनाम में विस्तार की मिली अनुमति

**नई दिल्ली।** टाटा कॉफी को वियतनाम स्थित अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी का क्षमता विस्तार करने के लिए



निदेशक मंडल की मंजूरी मिल गई है। इसके लिए 450 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि निदेशक मंडल ने वियतनाम में अतिरिक्त 5,500 टन 'फ्रीज-ड्राय कॉफी' सुविधा की स्थापना को मंजूरी दे दी है।

## जीएसटी विभाग ने सिएट को भेजा 2 करोड़ का नोटिस

**नई दिल्ली।** टायर बनाने वाली कंपनी सिएट लिमिटेड को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग से




1.98 करोड़ रुपये का नोटिस मिला है। इसमें कंपनी पर केंद्रीय जीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क विभाग के अतिरिक्त आयुक्त द्वारा लगाया गया जुर्माना भी शामिल है।कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि यह मांग सीजीएसटी अधिनियम, 2017 के लागू प्रावधानों के तहत 'ट्रांजिशनल क्रेडिट' और 'ट्रांस2 क्रेडिट' के उल्लंघन से संबंधित है।

# फोर्ब्स एशिया के दानवीरों की सूची में तीन भारतीय परोपकारी शामिल

**फोर्ब्स ने एशिया की 'हीरोज ऑफ फिलॉन्थ्रॉपी' सूची जारी की, 17वें एडिशन में नीलेकणि, डीएलएफ के सिंह और निखिल कामथ शामिल**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कॉरपोरेट्स की दानवीरता को लेकर अक्सर चर्चा होती रहती है। अंतरराष्ट्रीय से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर ऐसे कारोबारियों या उद्योगपतियों को सराहा जाता है जो अपनी कमाई में से देश के वंचित लोगों के लिए पैसा दान करते हैं या आर्थिक मदद देते हैं। इस साल की फोर्ब्स एशिया की 'हीरोज ऑफ फिलॉन्थ्रॉपी' लिस्ट आ गई है। फोर्ब्स एशिया की 'हीरोज ऑफ फिलॉन्थ्रॉपी' लिस्ट के 17वें एडिशन में भारत के तीन दिग्गजों का नाम शामिल है। इसमें इंफोसिस के को-फाउंडर नंदन नीलेकणि, डीएलएफ के चेयरमैन एमिरेट्स कुशल पाल सिंह और जेरोधा के को-फाउंडर निखिल कामथ को जगह मिली है। फोर्ब्स की ओर से ये लिस्ट आज निकाली गई है और कंपनी की प्रेस रिलीज के मुताबिक इस लिस्ट में किसी को कोई रैंक नहीं दी गई है।

### हीरोज ऑफ फिलॉन्थ्रॉपी लिस्ट में कुल 15 नाम

ये एक सालाना लिस्ट होती है और इस साल की फोर्ब्स 'हीरोज ऑफ फिलॉन्थ्रॉपी' लिस्ट में 15 दानवीरों या परोपकारियों को शामिल किया गया है। भारत से ये तीन लोग इस लिस्ट में शामिल हैं।

### नंदन नीलेकणि



इस लिस्ट में टेक्नोलॉजी दिग्गज इंफोसिस के को-फाउंडर और चेयरमैन नंदन नीलेकणि को शामिल किया गया है। उन्होंने इसी साल जून में आईआईटी बॉम्बे को 3.2 अरब रुपए (3.8 करोड़ अमरीकी डालर) का दान दिया था जो कि काफी बड़ी रकम है। फोर्ब्स के मुताबिक ये वित्तीय मदद भारत के एजूकेशन सेक्टर को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए काम आने वाली है।

### डीएलएफ के कुशल पाल सिंह



डीएलएफ के कुशल पाल सिंह 92 साल के हैं और इस साल की शुरुआत में ये अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चा में थे। इन्होंने इसी अगस्त में अपनी रियल एस्टेट कंपनी में बची हुई डायरेक्ट हिस्सेदारी को बेच दिया था। इसके जरिए केपी सिंह ने 7.3 अरब रुपए जुटाए थे। कहा जा रहा था कि केपी सिंह ने 731 करोड़ रुपए की रकम देश में परोपकार के कामों में इस्तेमाल करने के लिए जुटाई है।

### जेरोधा के निखिल कामथ



देश की सबसे बड़ी स्टॉक ब्रोकिंग कंपनी जेरोधा के को-फाउंडर निखिल कामथ की यूट्यूब पॉडकास्ट सीरीज डब्ल्यूटीएफ इज से एक करोड़ रुपए या 120,000 अमेरिकी डॉलर तक उस चैरिटी को देगा जो दर्शकों ने चुनी हो। निखिल कामथ जून में गिविंग प्लेज में शामिल हुए थे और ऐसा करने वाले वो भारत से चौथे कारोबारी हैं।

# अनुमान से बेहतर रही आर्थिक विकास की रफ्तार 2023-24 की दूसरी तिमाही में 7.6% रही जीडीपी

**सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मौजूदा वित्त वर्ष 2023 -24 की दूसरी तिमाही जुलाई से सितंबर के बीच देश की अर्थव्यवस्था ने 7.6 फीसदी के दर से विकास किया है। इसी वित्त वर्ष की पहली तिमाही अप्रैल से जून के दौरान जीडीपी 7.8 फीसदी रही थी। जबकि बीते वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में जीडीपी 6.2 फीसदी रही थी।

आरबीआई ने दूसरी तिमाही में 6.5 फीसदी जीडीपी रहने का अनुमान जताया था। यानि दूसरी तिमाही में आरबीआई के अनुमान से तेज गति से देश की अर्थव्यवस्था ने विकास किया है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से दूसरी तिमाही के लिए जीडीपी के आंकड़े जारी किया गया है। डेटा के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में जीडीपी 41.74 लाख करोड़ रुपए पर जा पहुंचा है जो बीते वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 38.17 लाख करोड़ रुपए रही थी।

### सेक्टरों का हाल

एनएसओ की ओर से जारी आंकड़े में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का ग्रोथ रेट 13.9 फीसदी रहा है जो बीते वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में -3.8 फीसदी रही थी। कृषि क्षेत्र की विकास दर दूसरी तिमाही में 1.2 फीसदी रही है जबकि 2022-23 की दूसरी तिमाही में 2.5 फीसदी रही थी। कंस्ट्रक्शन सेक्टर का ग्रोथ रेट 13.3 फीसदी रहा है जबकि पिछले साल की दूसरी तिमाही में 5.7 फीसदी रहा था।




### होटल, ट्रांसपोर्ट की ग्रोथ रेट 4.3 फीसदी रही

इसी तरह होटल, ट्रांसपोर्ट, कम्युनिकेशन और ब्रॉडकास्टिंग से जुड़ी सेवाओं का ग्रोथ रेट 4.3 फीसदी रही है जो 2022-23 की दूसरी तिमाही में 15.6 फीसदी रही थी। फाइनेंशियल, रियल एस्टेट और प्रोफेशनल सर्विसेज का ग्रोथ रेट 6 फीसदी रहा है जो बीते वर्ष की दूसरी तिमाही में 7.1 फीसदी रही थी। इलेक्ट्रिसिटी, गैस और वॉटर सप्लाई और दूसरी यूटिलिटी सर्विसेज का ग्रोथ रेट मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 10.1 फीसदी रही है जो बीते वर्ष समान अवधि में 6 फीसदी रही थी।

### इस तरह से बेहतर हुई स्थिति

हालिया महीनों में बेहतर हुए प्रदर्शन ने चालू वित्त वर्ष की स्थिति भी बेहतर की है। अप्रैल से अक्टूबर तक के हिसाब से आठ कोर इंडस्ट्रीज में सालाना आधार पर 8.6 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। यह साल भर पहले की समान अवधि यानी अप्रैल 2022 से अक्टूबर 2022 के दौरान 8.4 फीसदी की रही वृद्धि दर की तुलना में ज्यादा है। पहली तिमाही में यानी अप्रैल से लेकर जून 2023 के दौरान आईआईपी में 4.5 फीसदी की तेजी आई थी।

### इन दो सेक्टर ने किया कमाल

अक्टूबर महीने के शानदार प्रदर्शन में सबसे प्रमुख योगदान सीमेंट और इलेक्ट्रिसिटी सेक्टर का है। इन दोनों सेक्टरों के उत्पादन में साल भर पहले की तुलना में तेज उछाल आया। सीमेंट का प्रोडक्शन जहां इस दौरान 17.1 फीसदी बढ़ा, वहीं बिजली उत्पादन में 20.3 फीसदी की तेजी आई। एक महीने पहले सितंबर में सीमेंट और बिजली क्षेत्रों की ग्रोथ रेट क्रमशः 4.6 फीसदी और 9.9 फीसदी रही थी।

### औद्योगिक उत्पादन ने पकड़ी रफ्तार

देश का औद्योगिक क्षेत्र पूरी रफ्तार पकड़ने लगा है। अक्टूबर महीने के दौरान देश के औद्योगिक उत्पादन में जबरदस्त ग्रोथ दर्ज की गई। गुरुवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीने 8 कोर सेक्टर की ग्रोथ रेट 12 फीसदी के पार निकल गई। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर महीने में आठ कोर सेक्टर की ग्रोथ रेट 12.1 फीसदी रही. इससे एक महीने पहले यानी सितंबर में 8 कोर सेक्टर की ग्रोथ रेट 8.1 फीसदी रही थी।

### साल भर पहले से जबरदस्त सुधार

सितंबर के आंकड़े में संशोधन के बाद भी अक्टूबर महीने के दौरान प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों के प्रदर्शन में शानदार सुधार आया है। साल भर पहले से तुलना करें तो तस्वीर पूरी तरह से ही बदल गई है। साल भर पहले की समान अवधि यानी अक्टूबर 2022 में आठ प्रमुख क्षेत्रों की वृद्धि दर महज 0.7 फीसदी रही थी।

# चीन में फैक्टरी गतिविधियां लगातार दूसरे महीने घटी



एजेंसी ▶▶| हांगकांग

चीन में नवंबर में फैक्ट्री गतिविधि में लगातार दूसरे महीने गिरावट आई है। चीनी विनिर्माताओं के एक आधिकारिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।

राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो द्वारा बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, आधिकारिक विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक नवंबर में गिरकर 49.4 पर आ गया, जो अक्टूबर के 49.5 था। सूचकांक में 100 में से 50 से नीचे का आंकड़ा विनिर्माण गतिविधि में संकुचन, जबकि 50 से ऊपर का आंकड़ा विस्तार को दर्शाता है।

> सूचकांक नवंबर में गिरकर 49.4 पर आ गया
>
> सूचकांक पिछले आठ महीनों में से सात बार गिरा है

सूचकांक पिछले आठ महीनों में से सात बार गिरा है, केवल सितंबर में इसमें वृद्धि हुई थी। वैश्विक महामारी के बाद लंबे समय तक कमजोर पड़ी अर्थव्यवस्था के करीब पांच प्रतिशत वार्षिक गति से बढ़ने की उम्मीद है। कैपिटल इकोनॉमिक्स की शीना यू और जूलियन इवांस-प्रिचर्ड ने एक पत्र में लिखा कि नवीनतम सर्वेक्षण ' भावनात्मक प्रभावों के कारण मंदी की सीमा को बढ़ा-चढ़ाकर दर्शा रहे हैं।' उन्होंने लिखा, 'अक्टूबर में यही स्थिति सामने आई, हालांकि आंकड़े उतने खराब नहीं थे जितना पीएमआई ने अनुमान लगाया था।'

# बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 86 अंक चढ़ा

**बाजार में मासिक वायदा एवं विकल्प खंड में सौदों का निपटान हुआ**

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही। मासिक वायदा एवं विकल्प खंड में सौदों के निपटान और अमेरिकी बाजारों में सुस्ती के बीच उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों बढ़त के साथ बंद हुए। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 86.53 अंक की तेजी के साथ 66,988.44 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान भारी उतार-चढ़ाव के बावजूद बीएसई पर सभी सूचीबद्ध कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन लगातार दूसरे दिन 4,000 अरब डॉलर से ऊपर बना रहा। निफ्टी 36.55 अंक यानी 0.18 प्रतिशत



बढ़कर 20,133.15 पर बंद हुआ। एचडीएफसी के खुदरा अनुसंधान प्रमुख दीपक जसानी ने कहा कि वैश्विक ब्याज दरों में नरमी के अनुमान और आर्थिक सुधार के संकेतों के कारण निवेशकों की धारणा मजबूत होने से एशियाई बाजारों में 10 महीनों की सबसे मजबूत तेजी आई।

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स की कंपनियों में अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा, भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, विप्रो, टाइटन, एक्सिस बैंक और बजाज फिनसर्व में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर इंडसइंड बैंक, एशियन पेंट्स, पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स और भारतीय स्टेट बैंक नुकसान में रहे।

### पूंजीकरण 4,000 अरब डॉलर के ऊपर बरकरार

देश के प्रमुख शेयर बाजार बीएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण दूसरे दिन बृहस्पतिवार को भी 4,000 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर के ऊपर कायम रहा। बृहस्पतिवार को कारोबार के अंत में, बीएसई-सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3,35,60,155.58 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

# अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड से सम्मानित




**रायपुर।** अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड नेचुरल रिसोर्सेज को वर्ष 2023 के ग्रीनटेक कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) इंडिया अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान देश के विभिन्न राज्यों के पिछड़े और आदिवासी बहुल इलाकों में शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया है। ग्रीनटेक फॉउंडेशन की ओर से अदाणी के प्रतिनिधियों को यह सम्मान जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में हुए एक समारोह में प्रदान किए गए। अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड द्वारा छत्तीसगढ़ में सरगुजा एवं रायगढ़ जिलों सहित मध्यप्रदेश के सिंगरौली, ओडिशा के सम्बलपुर और सुंदरगढ़, महाराष्ट्र के नागपुर और झारखण्ड के हजारीबाग जिले में सामाजिक सरोकारों की विभिन्न परियोजनाएं संचालित की जा रही है। जिनमें अदाणी फॉउंडेशन के सहयोग से रेमेडियल कोचिंग क्लासेस, नवोदय कोचिंग क्लासेस, मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी, सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली परीक्षाओं की तैयारी के साथ-साथ मुफ्त स्कूल बस की सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

# एचपीसीएल छारा एलएनजी टर्मिनल जल्द चालू करेगी

**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) अगले दो-तीन महीनों में गुजरात में 50 लाख टन सालाना क्षमता वाले छारा एलएनजी आयात टर्मिनल को चालू करने की योजना बना रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि 6-7 पक्षों ने पहले ही ऑर्डर देने की पेशकश की है। टर्मिनल यांत्रिक रूप से मार्च में तैयार हो गया था, लेकिन इसके चालू होने में देरी हुई, क्योंकि उपभोक्ताओं को बिक्री के लिए इसे मौजूदा नेटवर्क से जोड़ने वाली 40 किलोमीटर की पाइपलाइन तैयार नहीं थी।

**बिजनेस साइट**

## बालको मेडिकल की डॉ. भावना सिरोही को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड सम्मान



**रायपुर।** बालको मेडिकल सेंटर की चिकित्सा निदेशक डॉ. भावना सिरोही को इंडियन सोसाइटी ऑफ मेडिकल एंड पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी (आईएसएमपीओ) द्वारा प्रतिष्ठित लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार भारत में मेडिकल ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में डॉ. सिरोही के उल्लेखनीय योगदान और रोगियों के कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को मान्यता देता है। उन्हें 2 से 5 नवंबर मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित आईएसएमपीओ वार्षिक सम्मेलन में पुरस्कार प्रदान किया गया। डॉ. भावना सिरोही एक विश्व विख्यात ऑनकोलॉजिस्ट है, जो स्तन और पेट के कैंसर में विशेषज्ञता रखती हैं। टाटा मेमोरियल सेंटर, मुंबई से योग्यता और रॉयल मार्सडेन एनएचएस फाउंडेशन ट्रस्ट, यूनाइटेड किंगडम में अतिरिक्त प्रशिक्षण के साथ, वह अपनी भूमिका में दो दशकों से अधिक का अमूल्य अनुभव रखती है। उनका प्रभाव विश्व स्तर पर फैला हुआ है। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में 170 से अधिक पत्र प्रकाशित किए हैं और दुनिया भर में व्याख्यान दिए हैं।

## बैंक ऑफ इंडिया ने सावधि जमा में की बढ़ोतरी

बैंक ऑफ़ इंडिया
Bank of India

**रायपुर।** भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में शामिल बैंक ऑफ इंडिया ने अपने ग्राहकों और आम जनता के लिए (2 करोड़ से अधिक और 10 करोड़ से कम राशि) 46 दिनों से 1 वर्ष की परिपक्वता अवधि वाली सावधि जमा दरों में वृद्धि की है, जो 1 दिसंबर, 2023 से प्रभावी होगी। बैंक ने छोटी अवधि के लिए अपनी सावधि जमा दरों में वृद्धि की है, अर्थात '46 दिन से 90 दिन' की अवधि के लिए 5.25%, '91 दिन से 179 दिन' की अवधि के लिए 6.00%, '180 दिन से 210 दिन' की अवधि के लिए 6.25%, '211 दिन से 1 वर्ष से कम' की अवधि के लिए 6.50% और '1 वर्ष' की अवधि के लिए 7.25% प्रति वर्ष तक कर दी हैं।

**टाटा टेक का शेयर 1200 रुपए पर हुआ सूचीबद्ध**

# टाटा टेक ने 140 और गांधार ऑयल ने 76 फीसदी दिया रिटर्न

**टेक के आईपीओ का इश्यू प्राइस 500 रुपए था**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा टेक्नोलॉजीज और गांधार ऑयल के शेयरों की गुरवार को स्टॉक एक्सचेंज पर बंपर लिस्टिंग हुई। टाटा टेक 500 रुपए के इश्यू प्राइस के मुकाबले 140 प्रतिशत ऊपर 1200 रुपए पर और गांधार ऑयल 169 रुपए के इश्यू प्राइस के मुकाबले 76 प्रतिशत ऊपर 298 रुपए पर लिस्ट हुआ। टाटा का आईपीओ 70 गुना और गांधार का 64 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

22 नवंबर को खुले 3042 करोड़ रुपए के टाटा टेक के आईपीओ के लिए 1.56 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की बोलियां मिली थीं। टाटा टेक, ऑटोमोबाइल दिग्गज टाटा मोटर्स की सब्सिडियरी है। टाटा ग्रुप करीब 19 साल बाद कोई आईपीओ लेकर आया है। इससे पहले साल 2004 में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का आईपीओ आया था।




### टाटा टेक्नोलॉजीज 1994 में बनी थी

1994 में स्थापित, टाटा टेक्नोलॉजीज ग्लोबल इंजीनियरिंग सर्विसेज कंपनी है। ये ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स और उनके टियर-। सप्लायर्स को टर्नकी सॉल्यूशन सहित प्रोडक्ट डेवलपमेंट और डिजिटल सॉल्यूशन देती है। कंपनी मुख्य रूप से ऑटोमोटिव इंडस्ट्री पर फोकस्ड है और वर्तमान में टॉप 10 ऑटोमोटिव ईआरएंडडी स्पेंडर्स करने वालों में से सात के साथ जुड़ी हुई है। टॉप 10 न्यू एनर्जी ईआरएंडडी स्पेंडर्स में से भी पांच के साथ टाटा टेक्नोलॉजी जुड़ी हुई है।

### कंपनी दो तरह के बिजनेस से पैसा कमाती है

सर्विसेजः कंपनी ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग क्लाइंट को बेहतर उत्पाद तैयार करने, डिजाइन, विकसित करने और वितरित करने में मदद करने के लिए आउटसोर्स इंजीनियरिंग सर्विसेज और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन सर्विसेज प्रदान करती है। वित्त वर्ष 23 में सर्विस लाइन से 3,531 करोड़ रुपए का रेवेन्यू कंपनी को मिला। वहीं पहले छमाही में इससे 1,986 करोड़ रुपए का रेवेन्यू आया। टेक्नोलॉजी सॉल्यूशन्सः अपने प्रोडक्ट बिजनेस के जरिए कंपनी प्रोडक्ट लाइफसाइकिल मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर जैसे थर्ड पार्टी सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन बेचती है। इसके अलावा कंसल्टिंग, इम्प्लिमेंटेशन, सिस्टम इंट्रीग्रेशन और सपोर्ट जैसी वैल्यू ऐडेड सर्विसेज भी प्रदान करती है।

# टीम इंडिया में पहली बार तीनों फॉर्मेट के लिए घोषित किए गए अलग-अलग कैप्टन

## दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान: रोहित टेस्ट, राहुल वनडे और सूर्या बने टी20 टीम के कप्तान

● नई दिल्ली



साउथ अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। बीसीसीआई के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने गुरुवार (30 नवंबर) को दिल्ली में तीनों ही फॉर्मेट की सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान किया।

साउथ अफ्रीका दौरे पर भारत को तीन टी20, तीन वनडे और दो टेस्ट मैच खेलने हैं। टी20 की कमान सूर्यकुमार यादव को सौंपी गई है, वहीं केएल राहुल वनडे सीरीज के लिए कमान संभालेंगे। टेस्ट टीम की कमान रोहित शर्मा को सौंपी गई है। रोहित शर्मा और विराट कोहली ने बोर्ड से अनुरोध किया कि वो साउथ अफ्रीका दौरे पर टी20 और वनडे में नहीं खेलेंगे। वहीं मोहम्मद शमी फिलहाल चिकित्सा उपचार से गुजर रहे हैं और उनकी उपलब्धता फिटनेस पर निर्भर है। वनडे टीम में संजू सैमसन और युजवेंद्र चहल की वापसी हुई है। रजत पाटीदार, साई सुदर्शन को भी नए चेहरे के रूप में टीम में शामिल किया गया है। युजवेंद्र चहल और संजू सैमसन को यह बड़ा मौका मिला है। वहीं वनडे टीम में शुभमन गिल को मौका नहीं मिला है। वहीं सूर्या भी वनडे टीम से नदारद हैं। वहीं टेस्ट टीम से केएस भरत की छुट्टी कर दी गई है। अब टेस्ट टीम में स्पेशलिस्ट विकेटकीपर के तौर पर केएल राहुल और ईशान किशन हैं। टेस्ट टीम के उपकप्तान अब जसप्रीत बुमराह होंगे।

टी20 की कप्तानी में एक बार फिर से सूर्यकुमार यादव पर विश्वास जताया गया है। वहीं उपकप्तान रवींद्र जडेजा होंगे। यानी जडेजा को पहली बार एक बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। खास बात यह है ऋतुराज गायकवाड़ तीनों फॉर्मेट में शामिल किए गए हैं।

### टेस्ट टीम: रोहित शर्मा (कप्तान), बुमराह, उप-कप्तान

**2 टेस्ट के लिए भारतीय टीम:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ऋतुराज गायकवाड़, ईशान किशन (विकेटकीपर), केएल राहुल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह (उप-कप्तान), प्रसिद्ध कृष्णा।

### वनडे टीम: केएल राहुल (कप्तान)

**3 वनडे के लिए भारतीय टीम:** ऋतुराज गायकवाड़, साई सुदर्शन, तिलक वर्मा, रजत पाटीदार, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर/कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, मुकेश कुमार, आवेश खान, अर्शदीप सिंह, दीपक चाहर।

### टी20 टीम: सूर्यकुमार यादव (कप्तान), रवींद्र जडेजा उपकप्तान

**3 टी20 मैचों के लिए भारतीय टीम:** यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड़, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा (उप-कप्तान), वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, दीपक चाहर।

### टीम इंडिया के द.अफ्रीका दौरे का शेड्यूल

10 दिसंबर: पहला टी20, डरबन
12 दिसंबर: दूसरा टी20, पोर्ट एलिजाबेथ
14 दिसंबर: तीसरा टी20, जोहानिसबर्ग
17 दिसंबर: पहला वनडे, जोहानिसबर्ग
19 दिसंबर: दूसरा वनडे, पोर्ट एलिजाबेथ
21 दिसंबर: तीसरा वनडे, पार्ल
26 से 30 दिसंबर: पहला टेस्ट, सेंचुरियन
3 से 7 जनवरी: दूसरा टेस्ट, जोहानिसबर्ग

# सीरीज पर कब्जा जमाने उतरेगी टीम इंडिया

## पांच मैचों की टी20 सीरीज: भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथा मैच आज शाम 7 बजे से

● रायपुर

पांच टी20 मैचों की सीरीज का चौथे मुकाबला भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रायपुर में होगा। रायपुर के शहीद नारायण स्टेडियम में पहली बार टी20 इंटरनेशनल मैच खेला जाएगा। टीम इंडिया ने सीरीज में दो मैच जीतकर कंगारू टीम से आगे चल रही है। रायपुर में भारतीय टीम कंगारुओं के खिलाफ सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगी। तीसरे टी20 में ग्लेन मैक्सवेल की तूफानी बैटिंग से ऑस्ट्रेलिया ने वापसी की कोशिश कि लेकिन चौथे टी20 में भारत की नजरें सीरीज जीतने पर होगी।

बल्लेबाजी में श्रेयस अय्यर की वापसी के मायने हैं कि तिलक वर्मा को बाहर रहना पड़ सकता है चूंकि यशस्वी जायसवाल, रूतुराज गायकवाड़, ईशान किशन, कप्तान सूर्यकुमार यादव और फिनिशर रिंकू सिंह का चयन तो तय है। भारतीय टीम मैक्सवेल की कमी का फायदा उठाने की कोशिश करेगी जिन्होंने अपने दम पर ऑस्ट्रेलिया को तीसरा मैच जिताया था। उन्होंने 48 गेंद में 104 रन की नाबाद पारी खेली थी। स्टीव स्मिथ और एडम जम्पा भी स्वदेश लौट चुके हैं चूंकि वे विश्व कप टीम में भी थे और भारत में प्रवास काफी लंबा हो गया था। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने टी20 विश्व कप से पहले कार्यभार प्रबंधन और फिटनेस को ध्यान में रखते हुए अपने कई शीर्ष खिलाड़ियों को इस सीरीज से बाहर कर दिया है। अब भारतीय गेंदबाजों के सामने टिम डेविड, जोश फिलीप और बेन मैकडरमोट की चुनौती होगी जो पिछले पांच छह सप्ताह में सीमित ओवरों के क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

इनके अलावा विश्व कप फाइनल में यादगार पारी खेलने वाले ट्रेविस हेड और अनुभवी कप्तान मैथ्यू वेड भी टीम में हैं। गुवाहाटी की तरह यहां भी ओस की भूमिका अहम होगी और टॉस जीतने वाला कप्तान लक्ष्य का पीछा करना चाहेगा। भारत के युवा बल्लेबाजों यशस्वी, ईशान किशन, रिंकू सिंह, तिलक वर्मा और खुद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जरूरत के समय अच्छी पारियां खेली हैं।



### दीपक चाहर को मिल सकती है सीधी एंट्री

इसके लिए टीम इंडिया के प्लेइंग इलेवन में भी बदलाव हो सकता है। प्लेइंग इलेवन में तेज गेंदबाज दीपक चाहर की सीधी एंट्री होने वाली है। दीपक चाहर की टीम में वापसी हुई है और वह नई गेंद से उपयोगी साबित हो सकते हैं। वहीं मुकेश कुमार भी शादी के बाद टीम से जुड़ चुके हैं। ऐसे में अब ऑस्ट्रेलियाई टीम की खैर नहीं है। प्रसिद्ध और आवेश खान के पास विविधता और नयेपन का अभाव दिखा। दोनों ने 130 या 140 की रफ्तार से गेंदबाजी की लेकिन गेंद की लैंग्थ में विविधता नहीं ला सके जिससे बल्लेबाज के लिये उसे भांपना आसान हो गया। इसके अलावा दोनों प्रभावी यॉर्कर डालने में भी नाकाम रहे।

### भारतीय टीम

**सूर्यकुमार यादव (कप्तान),** रुतुराज गायकवाड़, इशान किशन, यशस्वी जयसवाल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, आवेश खान, मुकेश कुमार।

### ऑस्ट्रेलिया टीम

**मैथ्यू वेड (कप्तान),** आरोन हार्डी, जेसन बेहरेनडोर्फ, सीन एबट, टिम डेविड, नाथन एलिस, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, तनवीर संघा, मैट शॉर्ट, जोश फिलीप, केन रिचर्डसन, बेन ड्वारशुइस, क्रिस ग्रीन, बेन मैकडरमोट।

### मौसम का मिजाज

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जाने वाले चौथे टी20 मैच के दौरान मौसम ठंडा रहने की उम्मीद है। मुकाबला शाम को 7.30 पर शुरू होगा। ऐसे में काफी धुंध रहने की उम्मीद है। अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। वहीं बारिश होने की संभावना ना के बराबर है।

### पिच रिपोर्ट
### बल्लेबाजों को मिलेगी मदद

रायपुर के शहीद नारायण स्टेडियम में पहली बार टी20 इंटरनेशनल मैच खेला जाएगा। इस मैदान पर अब तक सिर्फ एक वनडे मैच खेला गया है। हालांकिए रायपुर में आईपीएल के मुकाबले खेले गए हैं और यहां खूब चौके और छक्के लगे हैं। क्योंकि पिच बल्लेबाजों के लिए काफी मददगार रही है, लेकिन शाम ढलने के बाद यह स्लो हो जाता है। साथ ही अगर ओस गिरा तो फिर दूसरी पारी में गेंदबाजी में करना काफी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में स्पिन गेंदबाजों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण हो जाएगी। वहीं तेज गेंदबाजी में वेरिएशन और स्लोअर वन के साथ विकेट निकाल सकते हैं। इस तरह बल्लेबाजों को लिए यहां पर रन बनाना काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। हीं रायपुर में टॉस काफी हद क गेम को प्रभावित करेगी। टॉस जीतने के बाद कप्तानों की पहली पसंद गेंदबाजी करना होगा।

## श्री शिरडी साईं बाबा मंदिर का बेसिक प्राइमरी पाठशाला के बच्चों संग मनाया गया 12वाँ स्थापना दिवस

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। श्री नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर लोहा मण्डी मलदहिया स्थित श्री शिरडी साईं बाबा मंदिर के 12वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक दिसम्बर शुक्रवार कों प्राइमरी पाठशाला रघुवीर के छोटे छोटे बच्चों संग बाबा का केक काटकर हर्षोल्लास से मनाया गया` उक्त अवसर पर सर्वप्रथम मंदिर के पुजारी पं नीरज मिश्रा द्वारा श्री साईं बाबा की आरती उतारी गई व नन्हे मुन्ने बच्चों ने बाबा का जयकारा लगा बाबा का केक काटा गया व बच्चों को उपहार स्वरूप कापी, पेंसिल, रबड़, चाकलेट , बिस्किट इत्यादि वितरित किया गया` श्रद्धा भाव से जुड़े बाबा के उक्त कार्यक्रम से बच्चों के चेहरों पर खुशी देखते बन रही थी` कार्यक्रम के आयोजक रजनीश कनौजिया रहें व मुख्य रूप से रामभजन अग्रहरि,कैलाश साहू,राहुल गुप्ता, अनिल श्रीवास्तव, गुलशन कुमार,आशीष कुमार, संदीप सिंह,वीरेंद्र जायसवाल, उज्ज्वल, आदित्य, अजय गुप्ता,साक्षी चौधरी सहित तमाम श्रद्धालु उपस्थित रहें।

## अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण करता है-आचार्य धरणीधर

प्रखर सन्तकबीरनगर। विकास खंड नाथनगर के अंतर्गत महुली कस्बे में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में अयोध्या धाम से आए कथा प्रवक्ता आचार्य धरणीधर जी महाराज ने कहा प्रभु हमें समझाना चाहते हैं कि सृष्टि का सार तत्व परमात्मा है। इसलिए असार यानी संसार के नश्वर भोग पदार्थों की प्राप्ति में अपने समय, साधन और सामर्थ को अपव्यय करने की जगह हमें अपने अंदर स्थित परमात्मा को प्राप्त करने का लक्ष्य रखना चाहिए। इसी से जीवन का कल्याण संभव है।, परोपकार और सत्य के आधार पर जीवन जीने तथा सत्संग के जरिए सर्वव्यापी ईश्वर का नाम स्मरण करने की सलाह दी. मनुष्य के पास थोडा सा धन आने के बाद वह अभिमानी बन जाता है, जो नही होना चाहिए. उन्होंने कहा कि भगवत स्मरण धर्म, अर्थ, काम मोक्ष प्राप्ति का सरलतम मार्ग है. भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को समझाया था कि कर्म थोड़ा दुखदायी होता है लेकिन बिना कर्म किये सुख की प्राप्ति भी नहीं हो सकती. अगर कर्म का उद्देश्य पवित्र व शुभ हो तो वही कर्म सत्कर्म बन जाता है आचार्य धरणीधर जी। महाराज ने व्यासपीठ से कहा। जब हमारी वृत्ति परमात्मा में लगेगी तो संसार गायब हो जाएगा। प्रश्न यह है कि परमात्मा संसार में घुले-मिले हैं तो संसार का नाश होने पर भी परमात्मा का नाश क्यों नहीं होता।इसका उत्तर यही है कि भगवान संसार से जुड़े भी हैं और अलग भी हैं। आकाश में बादल रहता है। और बादल के अंदर भी आकाश तत्व है। बादल के गायब होने पर भी आकाश गायब नहीं होता। इसी तरह संसार गायब होने पर भी परमात्मा गायब नहीं होते। संसार की कोई भी वस्तु भगवान से अलग नहीं है।श्री राम और श्री कृष्ण जन्मोत्सव कथा के प्रसंग का व्याख्यान करते हुए कहा कि भगवान कृष्ण का जन्म जेल में हुआ था. फिर भी वे माया से प्रेरित होकर गोकूल पहुंच गए. उन्होंने भगवान कृष्ण की लीलाओं का वर्णन करते हुए आगे कहा कि भगवान मनुष्य योनी में जन्म लेकर दुःख में भी सुखी जीवन जीने की सीख देते है इस अवसर पर परशुराम मिश्र,डा.रमेश चन्द्र मिश्र, अविनाश मिश्र आनंद मिश्र,सुरज मिश्र, नीरज मिश्र,अमर चन्द्र ओझा, रमेश चंद्र ओझा, महेश उपाध्याय,गिरिजा नन्दन ओझा, हरिदत्त पाण्डेय।

## लापता बच्चे को टीम नई रोशनी वेलफेयर फाउंडेशन ने किया रेस्क्यू

प्रखर गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के तेंनुआ टोल प्लाजा के पास 3 नवंबर को रात्रि करीब 9:00 बजे नई रोशनी वेलफेयर फाउण्डेशन के द्वारा अचेत अवस्था में पड़े एक अज्ञात व्यक्ति जो मानसिक रूप से विक्षिप्त लग रहा था को रेस्क्यू किया गया था। मिली जानकारी के अनुसार टीम द्वारा पूछताछ में व्यक्ति अपना नाम गोलू बता रहा है। तथा अन्य जैसे नाम,पता, मोबाइल नंबर आदि बताने में असमर्थ है। टीम के द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहजनवा ले जाया गया जहां से उसे सदर अस्पताल गोरखपुर रेफर कर दिया गया। जहां नई रोशनी वेलफेयर फाउंडेशन के संस्थापक राजेश उर्फ वीरू पांडे के देखरेख में उसका इलाज चल रहा है तथा टीम के द्वारा व्यक्ति के खाने पहने संबंधित जरूरतो की पूर्ति की जा रही है एक फोटो सार्वजनिक करते हुए संस्थापक राजेश उर्फ विरू पांडे ने व्यक्ति की पहचान करने वाले को मोबाइल नंबर-7011680945 पर सूचना देने वाले को उचित इनाम देने व पुरस्कृत करने की घोषणा की है उक्त जानकारी नई रोशनी वेलफेयर फाउंडेशन के संस्थापक राजेश उर्फ विरू पांडे ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

## विस्टा फाउंडेशन के तहत संचालित शिक्षा सेवा संघ, शिक्षा के प्रति है प्रयासरत

प्रखर सहजनवां,गोरखपुर। हरपुर-बुदहट में विस्टा फाउंडेशन के तहत संचालित शिक्षा सेवा संघ की तरफ से गरीब बच्चों को किताबें और स्टेशनरी आदि सामानो का वितरण किया गया। काँपी स्टेशनरी फल और मिठाई पाकर छात्र- छात्राओ के चेहरे दमक गए, बताते चलें कि शिक्षा सेवा संघ विस्टा फाउंडेशन एनजीओ का एक संस्थान है। जो गरीब बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा जैसे नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल आदि आवासीय विद्यालय मे प्रवेश की मुफ्त तैयारी कराई जाती है। शिक्षा सेवा संघ की ओर से प्रबंधक अनुपम प्रजापति और विस्टा फाउंडेशन की ओर से पवन कुमार मौजूद रहे। इस अवसर पर कई भारतीय सरकार के अधिकारी भी मोजूद थे धर्मवीर प्रजापति अधीक्षक भारत सरकार द्वारा बच्चों को पढ़ाई के महत्त्व के बारे में संदेश तथा बच्चो का मोटिवेशन भी किया गया । पढ़ाई को और बेहतर बनाने के हेतू अधीक्षक द्वारा अध्यापक अमित चौरसिया व अन्य को आवश्यक सुझाव भी दिया गया। उन्होने कहा कि शिक्षा सेवा संघ गरीब बच्चो के लिए वरदान है इंस्पेक्टर अनुपम प्रजापति और सब इंस्पेक्टर अजीत यादव द्वारा किया गया यह पहल सराहनीय है। और लोगो को भी इनसे सीख लेनी चाहिए तथा गरीब व वंचित बच्चो के विकास के लिए निशुल्क शैक्षणिक संस्थान की स्थापना करना चाहिए हिन्दुस्तान के कोने - कोने मे प्रतिभाएं छिपी है पर बहुत सी प्रतिभाएं गरीबी के कारण निखर नहीं पाती हैं। यदि शिक्षा सेवा संघ जैसी संस्थाएं हर गांव मुहल्ले मे स्थापित हो जाए तो कोई गरीब वंचित बच्चा पैसो के अभाव मे अपनी पढ़ाई से वंचित नही होगा। हम समाज के अन्य सक्षम लोगो से अपील करते हैं कि वे भी आगे आएं और इस तरह की संस्थानो मे योगदान दें बच्चो का भविष्य संवारे। इस बाबत संस्थापक अनुपम प्रजापति से पूछने पर उन्होंने बताया की आज के समाज मे शिक्षा का व्यवसायीकरण हो गया है, प्राचीन काल मे जहाँ निस्वार्थ भाव से गुरूकुल मे शिक्षा दी जाती थी वहीं आज अपने मुनाफे के लिए शिक्षा दी जाती है इतनी महंगी शिक्षा प्राप्त कर पाना गरीब और मध्यम वर्ग के लोगो के लिए नको चने चबाने जैसा हो गया है, ऐसी परिस्थिति मे गरीब बच्चो के लिए एकमात्र विकल्प बचता है आवासीय विद्यालय मे प्रवेश लेकर अपना भविष्य संवारे लेकिन स्मित सीट और कठिन परीक्षा के कारण इसमे चयनित होना अपने आप मे बड़ी बात है गरीब बच्चो का आवासीय विद्यालयो मे अधिक से अधिक चयन हो इसी उद्देश्य के साथ शिक्षा सेवा संघ शाखा की शुरूआत की गई जो वर्तमान मे प्रदेश के तीन जनपदो गोरखपुर, महराजगंज और सोनभद्र मे संचालित है समय के साथ अन्य जनपदो मे इसकी शाखाए स्थापित की जाएंगी। सह संस्थापक से संपर्क कर उनका विचार जाना गया तो उन्होंने कहा कि- इस शिक्षा सेवा संघ से ग्रामीण अंचलो के निर्धन परिवार के बच्चो को लाभ मिलेगा।

## एसपी द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक शुक्रवार परेड का किया गया निरीक्षण, दिये गए आवश्यक दिशा निर्देश

प्रखर संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सत्यजीत गुप्ता द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड मे साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया । परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी तथा कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया । निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई । महोदय द्वारा परेड के उपरान्त निमार्णाधीन मल्टीस्टोरी आरक्षी बैरक व महिला आरक्षी बैरक का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया तत्पश्चात महोदय द्वारा पुलिस लाइन के आदेश कक्ष मे सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध मे सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्थ थानों पर शुक्रवार की परेड करायी गयी । शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल भी करवाया गया ।

## जयश्रीराम के जयकारे से गूंज उठा पंडाल

प्रखर पटहेरवा, कुशीनगर। माता पार्वती श्रद्धा व भगवान शिव विश्वास है, इन दोनों का मिलन ही शिव विवाह है और बिना इन दोनों के मिलन के श्रीराम कथा का श्रवण सार्थक हो नही सकता हैं। उक्त बातें रजवटिया में चल रहे श्री विष्णु महायज्ञ के दौरान श्रीराम कथा का श्रवण कराते हुए कथावाचक पद्मेश जी महाराज ने कही। श्रीराम कथा व रामलीला कार्यक्रम में बीते रात्रि श्रीराम का जन्म होते ही पंडाल जयश्रीराम के जयकारे से गूंज उठा। कथावाचक पद्मेश जी महाराज ने भगवान श्रीराम की बाललीला का बखान करते हुए बताया कि राजा दशरथ और रानी कौशल्या के प्रेम में वशीभूत होकर श्री राम पवित्र बाल लीला करते थे। कथा के क्रम में उन्होंने कहा कि एक बार माता कौशल्या ने श्रीराम को स्नान और श्रृंगार करा कर झूला पर सुला दिया और स्वयं स्नान करने के बाद अपने कुलदेव की पूजा कर नैवेद्य भोग लगाकर पाक गृह गई। जब वह पुनः लौट कर पूजा स्थल पर आई तो उन्होंने देखा कि देवता को चढ़ाए गए नैवेद्य शिशुरूपी भगवान राम भोजन कर रहे हैं। जब उन्होंने झूला पर जाकर देखा तो वहां भी उन्होंने श्री राम को झूले पर सोते पाया। इस तरह पूजा स्थल और झूला के पास उन्होंने कई चक्कर लगाया और दोनों जगह पर उन्होंने श्रीराम को पाया। इस दृश्य को देखकर कौशल्या डर गई और कांपने लगी। माता की अवस्था देख श्री राम ने माता को अपना अद्भुत रूप दिखाया। उन्होंने दिखलाया कि उनके एक-एक रोम में करोड़ों ब्रह्मांड लगे हुए हैं। भगवान का विराट रूप देखकर कौशल्या माता प्रफुल्लित हो गई और आंखें मूंदकर भगवान के चरणों पर गिर पड़ी। भगवान श्रीराम ने माता को बहुत समझाया और कहा कि हे माता यह बात आप किसी से ना कहेंगी। भगवान का जन्म असुरों व पापियों का नाश करने के लिए हुआ था। कहा कि श्री राम कथा में माता, पिता, भाई व प्रजा के प्रति जो प्रेम, स्नेह व आदर्श भगवान श्रीराम ने स्थापित किया, वह जीवन चरित्र अनन्त सदियों तक चलता रहेगा। श्रीराम कथा का शुभारंभ व्यवसायी व समाजसेवी ओमप्रकाश रौनियार, विधायक फाजिलनगर प्रतिनिधि इंद्रजीत कुशवाहा व पूर्व ग्राम प्रधान पप्पू कुशवाहा ने फीता काटकर संयुक्त रूप से किया तो वही संचालन मिरहसन अंसारी ने किया। संगीतमयी श्री राम कथा सुनने व रात्रि में रामलीला देखने के लिए काफी संख्या में भक्तजनों की भीड़ उमड़ रही है। इस दौरान गायक मंडली द्वारा भजन आदि सुना कर भी श्रद्धालुओं का मन मोहा जा रहा है। इस दौरान रामनयन राय, रघुनाथ राय, रामचन्द्र ओझा, रमाशंकर सिंह, बृजकिशोर ओझा, अरुण सिंह, बंता यादव, रामचन्द्र प्रसाद, बलिस्टर सिंह, जगरनाथ प्रसाद, लक्ष्मी रावत, दीनानाथ चौहान आदि श्रध्दालु मौजूद रहे।

## जिला अधिकारी की अपील पहले आओ पहले पाओ के तर्ज पर कृषि यंत्रों की बुकिंग प्रक्रिया शुरू

प्रखर संतकबीरनगर। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम में उप कृषि निदेशक डॉ राकेश कुमार सिंह ने बताया है कि जनपद में कृषि यंत्रों की ऑनलाइन बुकिंग 30 नवंबर से प्रारंभ हो गई है अब तक पोर्टल पर 323 किसानों द्वारा बुकिंग कर ली गई है। उपनिदेशक कृषि द्वारा बताया गया कि यह बुकिंग 14 दिसंबर 2023 तक जारी रहेगी तथा इस बार चयन प्रक्रिया में बदलाव किया गया है जिसमें पहले आओ पहले पाओ के स्थान पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति के द्वारा आन लाइन लॉटरी के माध्यम से कृषक का चयन किया जाएगा। कृषि विभाग अंतर्गत संचालित समस्त योजनाएं जैसे नेशनल फूड सिक्योरिटी मिशन, सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन, नेशनल फूड सिक्योरिटी मिशन ऑन आयल सीडस में कृषि यंत्र, कृषि रक्षा उपकरण, कस्टम हायरिंग सेंट सेंटर, हाईटेक हब फॉर कस्टम हायरिंग, थ्रेसिंग फ्लोर एवं स्मॉल गोदाम पर अनुदान हेतु किसान बुकिंग कर सकते हैं। बुकिंग के लिए किसान को कृषि विभाग के दर्शन पोर्टल पर 'यंत्र पर अनुदान हेतु टोकन निकले' लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। उन्होंने बताया कि बुकिंग के लिए पहले से विभाग में पंजीकृत कृषक अपने मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त कर अथवा अपने परिवार के सदस्य के मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त कर बुकिंग प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। 14 दिसंबर 2023 के उपरांत जनपद स्तर पर जिन किसानों द्वारा टोकन धनराशि जमा कर दी गई है उनकी ई लॉटरी निकाली जाएगी जिसकी सूचना किसानों को अलग से समाचार पत्रों के माध्यम से दी जाएगी।

## लापता बच्चे का टीम नई सोच वेलफेयर फाउंडेशन ने किया रेस्क्यू

प्रखर गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के तेंनुआ टोल प्लाजा के पास 3 नवंबर को रात्रि करीब 9:00 बजे नई रोशनी वेलफेयर फाउण्डेशन के द्वारा अचेत अवस्था में पड़े एक अज्ञात व्यक्ति जो मानसिक रूप से विक्षिप्त लग रहा था को रेस्क्यू किया गया था। मिली जानकारी के अनुसार टीम द्वारा पूछताछ में व्यक्ति अपना नाम गोलू बता रहा है। तथा अन्य जैसे नाम,पता, मोबाइल नंबर आदि बताने में असमर्थ है। टीम के द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहजनवा ले जाया गया जहां से उसे सदर अस्पताल गोरखपुर रेफर कर दिया गया। जहां नई रोशनी वेलफेयर फाउंडेशन के संस्थापक राजेश उर्फ वीरू पांडे के देखरेख में उसका इलाज चल रहा है तथा टीम के द्वारा व्यक्ति के खाने पहने संबंधित जरूरतो की पूर्ति की जा रही है एक फोटो सार्वजनिक करते हुए संस्थापक राजेश उर्फ विरू पांडे ने व्यक्ति की पहचान करने वाले को मोबाइल नंबर-7011680945 पर सूचना देने वाले को उचित इनाम देने व पुरस्कृत करने की घोषणा की है उक्त जानकारी नई रोशनी वेलफेयर फाउंडेशन के संस्थापक राजेश उर्फ विरू पांडे ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

## शहरी ग्रामीण क्षेत्र के लिए डीएम ने जारी किया व्हाट्सअप नंबर, विचरण कर रहे निराश्रित गोवंश को गोवंश आश्रय स्थलों तक पहुंचाए

प्रखर संतकबीरनगर। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी यशपाल सिंह ने बताया है कि जनपद में शहरी ग्रामीण क्षेत्र में विचरण कर रहे निराश्रित गोवंश को गोवंश आश्रय स्थलों में शत-प्रतिशत संरक्षित कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट कार्यालय में एक व्हाट्सप नम्बर क्रियाशील कराया गया है जिसका मोबाईल नं०-9517287390 है। उन्होंने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि अपने क्षेत्रान्तर्गत (ग्रामीण /शहरी) आपको कहीं भी निराश्रित गोवंश विचरण करते हुए दिखायी देते है तो उसका फोटो गूगल मैप के लोकेशन के साथ कलेक्ट्रेट कार्यालय में संचालित व्हाट्सप नम्बर-9517287390 पर तत्काल प्रेषित करने का कष्ट करें, जिससे संबन्धित गोवंश संरक्षण टीम द्वारा उक्त गोवंश को निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल में संरक्षित कराया जा सके।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का हुआ शुभारंभ

प्रखर घघसरा, सहजनवां।पाली क्षेत्र के ठरापार में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ के लिए शुक्रवार को गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गयी।श्रद्धालुओं ने हाथों में कलश लेकर कस्बा,घघसरा,ठरापार होते हुए दरूआ शिव मन्दिर पोखरे से कलश में पूरे विधि विधान के साथ मन्त्रोच्चारण उपरांत जल भरकर कथा स्थल पर स्थापित किए।अयोध्या धाम से आये आचार्य बलराम द्वारा प्रतिदिन शाम के समय श्रद्धालुओं को कथा का रसपान करायेंगे।कलश यात्रा में यजमान शिवशंकर जायसवाल,सोना देवी,जयहिन्द जायसवाल,बबलू जायसवाल,सभासद सुरेन्द्र वर्मा,प्रधान रविन्द्र अग्रहरी,अशोक पांडेय,सोनू जासवाल,राधे जासवाल समेत अन्य मौजूद रहें।



# रणबीर कपूर की 'एनिमल' करेगी छप्पर फाड़ कमाई...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर की आने वाली फिल्म 'एनिमल' लोगों के बीच काफी ज्यादा चर्चा में आ गई है। 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली इस फिल्म को देखने के लिए लोग काफी ज्यादा उत्साहित हो रहे हैं। फिल्म 'एनिमल' टीजर और ट्रेलर से लेकर गाने तक में रणबीर कपूर की झलक देखकर उनके फैंस उतावले हो गए हैं। फिल्म का जबरदस्त क्रेज बना हुआ है और इसका नतीजा साफ तौर पर एडवांस बुकिंग में देखा जा सकता है। आइए जानते हैं कि रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' की एडवांस बुकिंग में अब तक कितनी टिकट बिक चुकी हैं। फिल्म ट्रेड एक्सपर्ट तरण आदर्श ने अपने ट्विटर हैंडल पर रणबीर कपूर स्टारर 'एनिमल' के एडवांस बुकिंग के लेटेस्ट आंकड़े दिए हैं।

## लाइफ Style

# रकुल
## तेलुगू इंडस्ट्री में 10 वर्ष पूरे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय सिनेमा के चमकते सितारे जिन्हें आज दुनिया बेहद प्यार करती है ने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए काफी मेहनत की है। बॉलीवुड के हर स्टार का अपना संघर्ष रहा है। हालांकि, उन्होंने पूरी लगन के साथ संघर्ष पथ पर बढ़ते हुए और हर चुनौतियों को पार करते हुए अपनी अलग पहचान बनाई है। इन्हीं सेलेब्स में एक नाम रकुल प्रीत सिंह का है।

रकुल ने साउथ से लेकर बॉलीवुड इंडस्ट्री तक में सफलता के झंडे गाड़े हैं। देखते ही देखते इस पैन इंडिया अभिनेत्री ने तेलुगू इंडस्ट्री में 10 वर्ष पूरे कर लिए हैं। वहीं, अभिनेत्री के ऐसा करने से उनके बॉयफ्रेंड और अभिनेता जैकी भगनानी बेहद खुश हैं। जैकी ने बकायदा पोस्ट कर रकुल की इस सफलता को सेलिब्रेट किया है। रकुल प्रीत सिंह मनोरंजन की दुनिया में एक ऐसा नाम है, जिसे किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। सभी प्रमुख इंडस्ट्री में काम करने के बाद, अग्रणी महिला ने खुद को देश की सबसे सफल पैन इंडिया अभिनेत्रियों में से एक के रूप में स्थापित किया है। इस अग्रणी महिला ने आज तेलुगू इंडस्ट्री में दस वर्ष पूरे कर लिए हैं। उनकी भारतीय-तेलुगू रोमांटिक फिल्म 'वेंकटाद्रि एक्सप्रेस' जिसके माध्यम से उन्होंने इंडस्ट्री में प्रवेश किया, वह अग्रणी के लिए एक विशेष फिल्म है। वेंकटाद्रि एक्सप्रेस को आज भी दर्शक पसंद करते हैं और यह वर्ष 2013 की सफल फिल्मों में से एक थी। रिलीज के दस वर्ष बाद भी यह फिल्म आज भी दर्शकों की पसंदीदा है, और रकुल का अभिनय आज भी उनके दिमाग में ताजा है। फिल्म का पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए रकुल प्रीत ने लिखा, 'एक बहुत ही खास फिल्म के दस वर्ष, जिसने मुझे जीवन दिया, मैं हमेशा इसका सपना देखती थी।



## हॉलीवुड मसाला




# 'द एक्वामैन' का दिखेगा सैलाब...

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड फिल्मे भारतीय बॉक्स ऑफिस पर निरंतर अच्छा बिजनेस कर रही हैं। कई फिल्में ऐसी हैं, जिन्होंने कमाई के रिकॉड्र्स कायम किए हैं। 2023 में फास्ट एक्स, मिशन इम्पोसिबल-डेड रेकनिंग पार्ट-1 और ओपेनहाइमर ने यहां भी अच्छा कलेक्शन किया। अब दिसंबर में भी हॉलीवुड फिल्मों के भारत में रिलीज का सिलसिला जारी रहेगा। साल के आखिरी महीने में बॉलीवुड फिल्मों को हॉलीवुड से कड़ी टक्कर मिल सकती है।



# सेलेना की नई तस्वीर ने मचाया तहलका...

**लॉस एंजिलिस।** पॉपुलर अमेरिकन सिंगर और एक्ट्रेस सेलेना गोमेज की नई तस्वीर ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। फैंस के बीच सनसनी मच गई है और वो सेलेना के बदले चेहरे की चर्चा कर रहे हैं। सेलेना गोमेज की जो तस्वीर वायरल हो रही है, उसमें वह ब्लॉन्ड हेयर में नजर आ रही हैं। उनका चेहरा भी पहले से काफी स्लिम हो गया है। तस्वीर में सेलेना ने ब्लैक टॉप और ब्लेजर पहना हुआ है। सेलेना की यह तस्वीर एक्स पर वायरल है, जिसे देख फैंस तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। एक ने लिखा है, 'सेलेना के चेहरे की शेप फिर से बदल गई।' एक और फैन ने लिखा है, 'सेलेना का चेहरा कुछ अजीब सा लग रहा है, क्या अजीब है पता नहीं।'



# राष्ट्रीय पुरस्कार जीतना हर चीज का जवाब

**मुंबई।** कृति सेनन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'द क्रू' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में कृति सेनन अभिनेत्री तब्बू, करीना कपूर और दिलजीत दोसांझ के साथ नजर आएंगी। वहीं, अब 'कॉफी विद करण' सीजन 7 से एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। एक मीडिया बातचीत में कृति सेनन ने अपनी वायरल वीडियो के बारे में बात की। कृति सेनन ने कहा, 'आलिया और मेरा एक साथ राष्ट्रीय पुरस्कार जीतना इस बात का जवाब है।' हाल ही में, मीडिया को दिए इंटरव्यू में कृति सेनन ने पुराने वीडियो पर बात की। अभिनेत्री ने कहा, 'आलिया और मेरा एक साथ राष्ट्रीय पुरस्कार जीतना हर चीज का एक जवाब था। आप कही से भी आए हो, यदि आपको इंडस्ट्री में अच्छे अवसर मिल जाते है, तो आप सफल हो जाएंगे।



# परफॉर्मेंस देख सेलेब्स हुए इमोशनल...

**मुंबई।** विकी कौशल की फिल्म 'सैम बहादुर' शुक्रवार को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। रिलीज से दो दिन पहले यानी बुधवार की रात मुंबई में फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई। बी-टाउन के कई बड़े-बड़े सेलेब्स विकी कौशल की फिल्म देखने पहुंचे। फिल्म में विकी कौशल को देखने के बाद सेलेब्स इमोशनल हो गए। कुछ सेलेब्स ने स्क्रीनिंग के तुरंत बाद विकी कौशल को गले लगा लिया। वहीं कुछ ने सोशल मीडिया पर विकी के काम के बारे में लिखा। अभिषेक बच्चन अपने भांजे अगस्त्य नंदा के साथ 'सैम बहादुर' देखने पहुंचे। फिल्म देखने के बाद उन्होंने एक्स पर लिखा, 'कल रात सैम बहादुर देखी। फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ ने जो कुछ किया... जो कुछ हासिल किया उसकी विशालता अभिभूत करने वाली है!

## टीवी मसाला



# टीवा का नया शो 'अटल'- पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के बचपन की अनकही कहानियों पर आधारित

**मुंबई।** यूफोरिया प्रोडक्शन्स द्वारा निर्मित इस शो में व्योम ठक्कर 'बाल अटल' के रूप में; नेहा जोशी अटल की मां 'कृष्णा देवी वाजपेयी' के रूप में; आशुतोष कुलकर्णी पिता 'कृष्णा बिहारी वाजपेयी' के रूप में; मिलिंद देशपांडे दादाजी 'श्यामलाल वाजपेयी' के रूप में, राहुल जेठवा बड़े भाई 'अवध बिहारी वाजपेयी' के रूप में, आर्या जोशी भाभी 'अवध की पत्नी' के रूप में; प्रियांशु गांधी 'सदा बिहारी वाजपेयी' के रूप में, सक्षम श्रृंगत्रऋषि 'प्रेम बिहारी वाजपेयी' के रूप में और एलिना 'उर्मिला बिहारी वाजपेयी' के रूप में एवं एलिन 'कमला बिहारी वाजपेयी' के रूप में नजर आएंगे। भारतीय इतिहास में कई प्रधानमंत्री ऐसे रहे हैं, जिन्होंने बड़े-बड़े बदलाव किये। उन्होंने अपने महान दृष्टिकोण और दृढ़-निश्चय के साथ महत्वपूर्ण क्षणों में देश का नेतृत्व किया। उनके कार्यकाल में कई ऐसे महत्वपूर्ण फैसले हुए, जिन्होंने देश की तकदीर बदली और भारत ने दुनिया पर अपनी छाप छोड़ी। अपने महत्वपूर्ण दृष्टिकोण और निर्णायक कदमों से इन नेताओं ने इतिहास में अपना नाम दर्ज किया और ऐसी अमिट विरासत छोड़ी, जिसने शानदार सफलता और प्रगति के एक युग को परिभाषित किया। ऐसे ही एक महत्वपूर्ण नेता थे स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी। अटल बिहारी वाजपेयी एक प्रभावशाली राष्ट्राध्यक्ष थे और भारत के लोग उनकी विरासत को बहुत अहमियत देते हैं।

## रोहित ने अभिनय में अपनी यात्रा को प्रेरित करने के लिए अमिताभ को दिया श्रेय

रोहित हमेशा से अपनी अभिनय प्रतिभा के चलते दर्शकों के बीच प्रसिद्ध रहे हैं। वर्तमान में टीवी शो 'सौभाग्यवती भवः नियम और शर्तें लागू' में डीसीपी



अविनाश के किरदार में नजर आने वाले अभिनेता रोहित रॉय की एंट्री को दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है। हाल ही में रोहित से हुई खास बातचीत में उन्होंने कई अनकही बातों को अपने फैन्स और दर्शकों से साझा किया। जहां उन्होंने अपने अभिनय करियर पर अमिताभ बच्चन के गहरे प्रभाव को लेकर चर्चा की। महान अभिनेता अमिताभ बच्चन की गहरी प्रशंसा करते हुए रोहित रॉय ने कहा, मैं अमिताभ बच्चन का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। उनकी स्क्रीन उपस्थिति और वास्तविक जीवन की आभा मुझे पागलपन की हद तक आकर्षित करती है।

# धमाल मचाने के लिए एक्साइटेड हैं अब्दू ...

**मुंबई।** सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस 17 की टीआरपी को टॉप पर ले जाने के लिए मेकर्स अलग-अलग तिगड़म लगा रहे हैं। शो में कंटेस्टेंट्स को थैरेपी रूम में बुलाकर समझाया जा रहा है, तो कुछ समय पहले ही बिग बॉस के मेकर्स घर के अंदर ओरी को भी लेकर आ गए थे, जो बॉलीवुड स्टार किड्स का दोस्त हैं। वहीं, अब बिग बॉस 17 में एक और नई एंट्री होने वाली है। शो में आग लगाने



के लिए बिग बॉस 16 के कंटेस्टेंट रहे अब्दू रोजिक आ रहे हैं। अब्दू शो में आने के लिए काफी ज्यादा एक्साइटेड हैं, जिसकी झलक उनके लेटेस्ट वीडियो में देखने के लिए मिली है। हालांकि, लोग उनसे मजे लेना नहीं छोड़ रहे हैं। दरअसल, बिग बॉस 17 में इस वीकेंड का वार में अब्दू रोजिक की एंट्री होने वाली है, जिसके लिए वह मुंबई पहुंच गए हैं।

# खत्म होगा इंतजार, 'तारक मेहता' में लौटेंगी दयाबेन!

**मुंबई।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के फैंस कई सालों दयाबेन यानी दिशा वकानी के लिए बस यही लाइन कहते आ रहे हैं। बीच-बीच में दिशा को लेकर



खबर आती रहती है कि वो शो में लौट रही हैं। दयाबेन को लेकर जरा सा भी कहीं कुछ सुनने को मिलता है। फैंस का एक्साइटमेंट लेवल सातवें आसमान पर होता है। लेटेस्ट एपिसोड में फिर दयाबेन के कमबैक की गुडन्यूज सुनाई गई। शो में जेठालाल, दयाबेन के वेलकम के लिए गदगद दिखे। जेठालाल की खुशी देखकर फैंस भी खुश हैं। पर इसके साथ ही उन्होंने एक वॉर्निंग भी दी है। लेटेस्ट एपिसोड में दिखाया गया कि सुंदर, जेठालाल से दयाबेन को वापस लाने का वादा करता है। सुंदर का कहना है कि दिवाली के मौके पर वो दयाबेन को गोकुलधाम में ले आएगा।

# ऋतिक की 'वॉर 2' रिलीज को तैयार



**मुंबई।** फिल्म 'टाइगर 3' ने यशराज स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म 'वॉर 2' के लिए परफेक्ट बेंचमार्क सेट किया है। ऋतिक रोशन लंबे वक्त से इस फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। 'वॉर 2' की खास बात इस मूवी की कास्ट है। ऋतिक रोशन के साथ ही साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर भी फिल्म का हिस्सा होंगे। 'वॉर 2' को लेकर तमाम चर्चाओं के बीच इसकी रिलीज डेट सामने आ गई है।2019 में रिलीज हुई 'वॉर' को सिद्धार्थ आनंद ने डायरेक्ट किया था। अब इसके सीक्वल की जिम्मेदारी 'ब्रह्मास्त्र' फेम अयान मुखर्जी ने संभाली है। उन्होंने ट्वीट किया, 'वाईआरएफ ने वॉर 2 की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है। इंडिपेंडेंस डे वीकेंड 2025...#**YRFSpyUniverse** से छठी फिल्म- #वॉर2- की अब रिलीज डेट है। बॉक्स ऑफिस पर 14 अगस्त, 2024 को...#अयान मुखर्जी फिल्म को डायरेक्ट करेंगे, जिसे #**YRF** प्रोड्यूस कर रहा है।''

## नेचुरली मीठी सब्जी हाई फाइबर कंटेंट से भरपूर

# सर्दियों में आपको हेल्दी बनाएं रखेंगे ये वेजीटेबल

*नई दिल्ली। सर्दियां आते ही हमारे खानपान से लेकर पहनावे तक सबकुछ बदल जाता है। इस मौसम में लोग अक्सर खुद को ठंड से बचाने की कोशिश करते हैं। हालांकि, कमजोर इम्युनिटी की वजह से हम आसानी से वायरल संक्रमण की चपेट में आ जाते हैं। ऐसे में इस मौसम सेहतमंद रहने के लिए जरूरी है कि आप अपनी डाइट में ऐसे फूड्स शामिल करें, तो आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करें। इस मौसम बाजार मे ऐसी कई सब्जियां मिलती हैं, तो आपको हेल्दी बनाने मेम मददगार होती हैं।*



### जड़ वाली सब्जियां यानी रूट वेडिटेबल

इम्युनिटी मजबूत करने का एक बढ़िया स्त्रोत हैं। इस मौसम में ऐसी कई जड़ वाली सब्जियां मिलती हैं, जो आपको हेल्दी बनाने में मदद कर सकती हैं। आइए जानते हैं ऐसी ही कुछ जड़ वाली सब्जियों के बारे में, जिन्हें डाइट में शामिल कर आप सर्दियों में खुद को हेल्दी रख सकते हैं।

**गाजर** : सर्दियां आते ही बाजार में हर तरफ लाल-लाल गाजर नजर आने लगती हैं। बीटा-कैरोटीन से भरपूर गाजर विटामिन ए का समृद्ध स्त्रोत होती है। यही वजह है कि यह आंखों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करती है। इसमें फाइबर की भी अच्छी मात्रा पाई जाती है, मेटाबॉलिज्म प्रोसेस को बेहतर बनाता है।

**अदरक** : सर्दियों में अदरक को डाइट में शामिल करने के कई सारे फायदे होते हैं। इसमें मौजूद विभिन्न पोषक तत्व मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देते हैं। इसके जिंजरोल और शोगोल जैसे कंपाउंड डाइजेस्टिव एंजाइम्स को स्टीमूलेट करने के लिए जाने जाते हैं। इसके अलावा, इसकी थर्मोजेनिक प्रकृति शरीर के तापमान को कम करती है, जिससे मेटाबॉलिज्म एक्टिविटी बढ़ती है।

**शकरकंद** : अगर आप डायबिटीज के मरीज हैं, तो शकरकंद आपके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। यह आपके ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद करता है। फाइबर, विटामिन ए, सी और बीटा-कैरोटीन जैसे एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर शकरकंद सर्दियों में सेहत को कई फायदे पहुंचाता है। नेचुरली मीठी यह सब्जी हाई फाइबर कंटेंट से भरपूर होती है, जो शुगर अब्जॉर्प्शन को धीमा करने में मदद करती है। साथ ही यह इंसुलिन रेजिस्टेंट की संभावना को भी कम कर सकता है।

**शलजम** : सर्दियों में कई लोग शलजम खाना भी काफी पसंद करते हैं। इसमें फाइबर और एंटीऑक्सिडेंट, विशेष रूप से विटामिन सी होता है, जो हेल्दी गट बैक्टीरिया के विकास में मदद कर आंत के स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है। साथ ही यह ज्यादा संतुलित मेटाबॉलिज्म दर में योगदान कर सकता है।

**मूली** : मूली में मौजूद ग्लूकोसाइनोलेट्स जैसे कंपाउंड भोजन को तोड़ने वाले एंजाइम्स को ट्रिगर करके पाचन में मदद करता है। यह पाचन बेहतर बनाने के साथ ही पोषक तत्व अब्जॉर्प्शन को बढ़ावा देती है और मेटाबॉलिज्म कार्यों को समर्थन देने में भी मदद कर सकती है।

**लहसुन** : भारतीय भोजन का जरूरी हिस्सा लहसुन खाने का स्वाद बढ़ाने के अलावा सेहत को भी ढेर सारे फायदे पहुंचाता है। लहसुन में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों के साथ एलिसिन और अन्य सल्फर कंपाउंड होते हैं। ये कंपाउंड शरीर में सूजन को कम कर मेटाबॉलिज्म कार्यों को बढ़ावा देते हैं, जो मेटाबॉलिज्म स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं।

# लघु फिल्में आतंकवाद, अपराधों की विभीषिका और चुनौती के खिलाफ सशक्त संदेशवाहक और मानवीय मूल्यों की बेहतरीन ब्रांड एम्बेसडर साबित हो सकती हैं : मुख्तार अब्बास नकवी

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। जिला मुख्यालय विकास भवन स्थित कमिश्नरी आडिटोरियम वाराणसी में 1 से 3 दिसम्बर 2023 तक तीन दिवसीय अयोजित अंतर्राष्ट्रीय लघु फिल्म महोत्सव में पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम बुद्धि) जुगाड़ को आर्टिस्टिक इंटेलीजेंट (कौशल बुद्धिमता) जुनून से पछाड़कर कला कुबेर करिश्माई कामयाबी कायम कर सकते हैं` श्री नकवी ने कहा कि लघु फिल्में आतंकवाद, युद्ध, असहिष्णुता, ड्रग माफियाओं, नस्ली हिंसा, साईबर अपराधों की विभीषिका और चुनौती के खिलाफ सशक्त संदेशवाहक और मानवीय मूल्यों की बेहतरीन ब्रांड एम्बेसडर साबित हो सकती हैं` सांस्कृतिक पर्यटन और लघु फिल्मों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार और इंडियन इन्फोटेनमेंट मीडिया कार्पोरेशन द्वारा आज वाराणसी में आयोजित दुनिया भर के 115 देशों की 3212 फिल्मों के अंतर्राष्ट्रीय लघु फिल्म महोत्सव के उद्घाटन के अवसर पर श्री नकवी ने कहा कि कलात्मक फिल्में और लघु फिल्में दुनिया के सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरण, पर्यटन, मानव अधिकारों, असहिष्णुता, आतंकवाद, लोकतान्त्रिक मूल्यों, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला अधिकारों, लैंगिक असमानता तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जनमानस को सुन्दर-सरल ढंग से सशक्त सबक-संदेश देने में सफल रहीं है प्रसारण प्लेटफॉर्म्स का विस्तार, क्रियेटिव फिल्मकारों के लिए उपहार है` श्री नकवी ने कहा कि ऐसे ही कई ज्वलंत मुद्दों पर बनी नाइट एंड फॉग, बैटल आफ मिडवे, अर्ध सत्य, मंडी, भूमिका, नायक (सत्य जीत रे), चारुलता, विनिंग योर विंग्स, डिनर फॉर वन, 12 हावर्स, ख्वाहिश, ब्लू हैलमेट, आखरी मुनादी, आरक्षण, गंगाजल, चक्रव्यूह आदि जैसी कई फिल्में और शॉर्ट फिल्में लोगों को मनोरंजन के साथ मैसेज की जानदार जुगल बन्दी जनमानस पर जबरदस्त




असरदार साबित हुई हैं` श्री नकवी ने कहा कि शुक्रवार कों दमदार लघु फिल्मों का महत्व इस लिए भी बढ़ गया है क्योंकि सामाजिक सरोकार से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर अधिकांश बड़े फिल्म प्रोडक्शन एवं मीडिया हाउस, सार्थक संदेश के बजाय, कमर्शियल उद्देश्य को प्राथमिकता दे रहें हैं जबकि देखा गया है कि कमर्शियल और सोशल कमिटमेंट के सयुंक्त संकल्प के साथ निर्मित फिल्में निमार्ताओं के कला, कौशल, करिश्मों और कमाई में कामयाब हुई हैं मेनस्ट्रीम सिनेमा और मीडिया से नजरअंदाज कई अत्यंत महत्वपूर्ण, संवेदनशील और गंभीर विषयों पर छोटी फिल्में, बड़ा संदेश दे सकती हैं` श्री नकवी ने कहा कि आज विश्व के 190 से ज्यादा देशों में उपस्थिति रखने वाले विभिन्न ओटीटी, डिजिटल- इन्टरनेट प्लेटफॉर्म्स के विस्तार और पहुंच ने अच्छी लघु फिल्मों का व्यापक बाजार और दर्शकों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी की है` आने वाले दिनों में विश्व भर में इन ओटीटी प्लेटफॉर्म्स उपभोक्ताओं की संख्या 500 करोड़ से अधिक होने का आकलन है उन्होंने ने कहा कि भारत में ओटीटी, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स यूजर्स की संख्या लगभग 48 करोड़ से ज्यादा है जिसके आने वाले तीन वर्षों में 80 करोड़ से ऊपर जाने की उम्मीद है भारत में लगभग 46 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स, 900 से ज्यादा सेटेलाइट चैनल और 100 करोड़ से अधिक स्मार्ट फोन इस्तेमाल करने वाली जनसंख्या है ओटीटी कम्पनियों का व्यापार वर्ष 2022 में हजारों करोड़ रूपए से अधिक रहा जिसके आने वाले दिनों में दिन दूना रात चौगुना उछाल की प्रबल सम्भावनाएं हैं इन सभी प्रसारण सुविधा, संसाधनों का व्यापक विस्तार क्रियेटिव कौशल-कला के करिश्माई प्रस्तुति के साथ कमाई का भी परफेक्ट मौका, मार्केट मुहैय्या कराने का अद्भुत अवसर है` पूर्व सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री नकवी ने कहा कि भारतीय फिल्म जगत का दादा साहेब फाल्के की पहली मूक फिल्म राजा हरिश्चंद्र से शुरू हुआ सफर संघर्ष, सुधार, संकटों, समस्याओं और सफलता का साक्षी रहा है` वर्ष 1944 से 1960 के दशक तक की अवधि को फिल्म इतिहासकारों द्वारा भारतीय सिनेमा का "स्वर्ण युग" माना जाता है जब मनोरंजन प्रधान कलात्मक फिल्मों के निर्माण का बोलबाला था` 70 और 80 का दशक कमर्शियल मसाला लेकिन दमदार पटकथा आधारित फिल्मों के निर्माण का शानदार दौर रहा 90 के दशक में कॉर्पोरेट जगत ने धीरे-धीरे निमार्ता के रूप में फिल्म उद्योग पर वर्चस्व कायम किया और फिल्म निर्माण कलात्मक पैशन से ज्यादा कमर्शियल फैशन बन गया` श्री नकवी ने कहा कि इन चुनौतियों के बावजूद समर्पित फिल्म निमार्ता- निर्देशकों के कलात्मक जुनून ने भारतीय फिल्म उद्योग की साख बढाते हुए विश्व भर से भारतीय फिल्मों के कला, कौशल और कमाई की धाक-धमक कायम की और भारत को विश्व फिल्म निर्माण में 5वें पायदान पर खड़ा किया` भारत में प्रति वर्ष 20 से अधिक भाषाओं में 1900 से ज्यादा फिल्में और रिकार्ड 5000 हजार से अधिक लघु फिल्में बनाई , दिखाई जाती हैं फिल्मों के साथ लघु फिल्में भी मनोरंजन और मीडिया मार्केट में अपने व्यापक विस्तार का कीर्तिमान स्थापित करती हुई, विश्व के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर प्रभावी प्रदर्शन कर रहीं हैं।

## मां अन्नपूर्णा का सत्रह दिवसीय महाव्रत 2 दिसंबर से प्रारम्भ

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। 17 दिवसीय महाव्रत शनिवार मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष पंचमी तिथि से प्रारंभ होगा मां अन्नपूर्णा का महाव्रत आरंभ होने जा रहा है` मंदिर प्रबंधक ने बताया कि यह महाव्रत 17 वर्ष 17 महीने 17 दिन का होता है परंपरा के अनुसार इस व्रत के प्रथम दिन प्रातः मंदिर के महंत श्री स्वयं अपने हाथों से 17 गांठ के धागे भक्तों को देते हैं` माता अन्नपूर्णा के इस महाव्रत में भक्त 17 गांठ वाला धागा धारण करते हैं इसमें महिलाएं बाएं व पुरुष दाहिने हाथ में इसे धारण करते हैं इसमें अन्न का सेवन वर्जित होता है` केवल एक वक्त फलाहार किया जाता है वह भी बिना नमक का 17 दिन तक चलने



वाले इस अनुष्ठान का उद्यापन 17 दिसंबर को होगा उस दिन माँ अन्नपूर्णा की धान की बालियों से श्रृंगार होगा` माता अन्नपूर्णा के गर्भ गृह समेत मंदिर परिसर को सजाया जाता है और प्रसाद स्वरूप धान की बाली 18 दिसंबर को प्रातः से मंदिर बंद होने तक आम भक्तों श्रद्धालुओ में वितरण किया जायेगा ` मान्यता यह भी है की पूर्वांचल के बहुत से किसान अपनी फसल की पहली धान की बाली मां को अर्पित करते है और उसी बाली को प्रसाद के रूप में दूसरी धान की फसल में मिलाते हैं वे मानते है कि ऐसा करने से फसल में बढ़ोतरी होती है ` महंत शंकर पूरी ने कहा माता अन्नपूर्णा का व्रत- पूजन दैविक, भौतिक का सुख प्रदान करता है और अन्न-धन, ऐश्वर्य की कमी नहीं होती है।

## पेंशन शिक्षक कर्मचारियों का हक है, इसे लागू करे शासन : ज्योति प्रकाश

प्रखर वाराणसी। पुरानी पेंसन विसंगति समाधान संघर्ष मोर्चा के जिला संयोजक शेषनाथ वर्मा व सह संयोजक वेद कुमार सिंह के नेतृत्व मे उत्तर प्रदेश में भी 3 मार्च 2023 का केन्द्रीय पेंसन मेमोरेन्डम लागू हो इस निमित्त माननीय मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी महोदय द्वारा नियुक्त एडीएम सिटी वाराणसी अलोक वर्मा के माध्यम से दिया गया। पुरानी पेंसन विसंगति समाधान मोर्चा के जिला संयोजक शेषनाथ वर्मा ने मांग की कि जैसे उत्तराखंड व हरियाणा मे मेमोरेन्डम जारी हुआ है वैसे ही उत्तर प्रदेश में भी लागू हो। जिला सह संयोजक वेद कुमार सिंह ने कहा कि 28 मार्च 2005 के पूर्व विज्ञापित विज्ञापन के आधार पर नियुक्त शिक्षको को व कर्मचारियो को पुरानी पेंसन का लाभ दिया जाए। राष्ट्रीय




शैक्षिक महासंघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष ज्योति प्रकाश ने कहा की पेंसन शिक्षक कर्मचारी का हक है इसे उत्तर प्रदेश मे भी लागू किया जाए। ज्ञापन देने वालो मे प्रदेश संयोजक सुधांशु त्रिपाठी,प्रदेश सह संयोजक आनन्द कुमार सिंह,राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष ज्योति प्रकाश,संजय गुप्ता, सुभाष चन्द्र राय, मुकुल मौर्य, विजय गुप्ता, जुबैर अहमद, नागेन्द्र शर्मा, संजय पाल,आभा श्रीवास्तव, इन्द्रा अग्रवाल, जगदीश वर्मा, पूनम वर्मा, सरिता शर्मा, आरती सिंह, वन्दना दुबे, साधना सिंह के साथ सैकड़ो शिक्षक शामिल रहे।

## श्रीलक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज की विदायी के समय भावविह्वल हुए लोग

प्रखर वाराणसी। वाराणसी में आयोजित ऐतिहासिक श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ की पूणार्हुति के बाद की औपचारिकताओं को संपन्न कर आयोजन समिति एवं हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालु भक्तों ने पूज्य गुरुदेव श्रीलक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी की विदायी की। परम परिव्राजक संत मध्यप्रदेश के कटनी में आयोजित श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ में भाग लेने जा रहे थे। स्वामी जी के साथ प्रयागराज पीठाधीश्वर रंगनाथ स्वामी एवं महायज्ञ समिति के अध्यक्ष एवं काशी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानुजाचार्य शिवपूजन शास्त्री भी गए। स्वामी जी की विदायी की सूचना पर सुबह से हीं संतों एवं श्रद्धालुओं की भीड़ इकट्ठी होनी शुरू हो गयी थी। सभी चर्चा कर रहे थे कि ऐसा यज्ञ कभी नहीं देखा जिसमें अपने आप इतना अनुशासन और आत्मनियंत्रण रहा कि कोई नकारात्मक घटना हुई और न हीं विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हुई। सात दिनों तक चले महायज्ञ में उमड़ी लाखों की भीड़ शांत अनुशासित रहकर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर रही थी। वे कह रहे थे कि लगता था कि काशी कोतवाल काल भैरव जी ने व्यवस्था का नियंत्रण संभाल लिया हो और सुनिश्चित कर दिया हो कि काशीनाथ भूतभावन महादेव के प्रिय श्रीमन्नारायण का महायज्ञ निर्विघ्न संपन्न हो। श्रद्धालु हरेराम ओझा ने कहा कि ऐसा लगा कि प्रकृति माता भी वातावरण को सौम्य बनाए रखकर भगवती गंगा के तट पर चल रहे धर्म और ज्ञान के प्रवाह को रक्षित कर रही हैं एवं भक्तों को उल्लसित। रमना कै पूर्व प्रधान जवाहर साहनी कह रहे थे कि यह सब पूज्य स्वामी जी कै तप का प्रभाव था। आयोजन समिति अध्यक्ष शास्त्री जी, सचिव धीरेन्द्र तिवारी एवं कोषाध्यक्ष यज्ञेश त्रिपाठी के नेतृत्व में श्रद्धालुओं ने पूज्य स्वामी जी को भावपूर्ण विदायी दी। विदायी वेला में सभी लोग भावाकुल हो उठे। संत, भक्त हों या वहां उपस्थित प्रशासन और पुलिस के लोग सभी भावविह्वल थे। जय जय श्रीमन्नारायण और स्वामी जी महाराज की जय के गगनभेदी घोष करते लोग हिचकियाँ ले रहे थे।वीतरागी संत बस मंद मंद मुसकाते



और सबको आशीषित करते, अभय मुद्रा में हाथ उठाए धीरे धीरे बढ़ते चले गए। पूज्य स्वामी जी बार बार लोगों को पीछे लौटने घर जाने और भगवान श्रीमन्नारायण का स्मरण, जप करते रहने को कहते आंखों से ओझल हो गए। पूज्य स्वामी जी के परमशिष्य जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीअयोध्यानाथ स्वामी जी ने बताया कि पूज्य स्वामी जी कटनी से आगामी 1 दिसंबर को बक्सर में श्रीत्रिदण्डी देव समाधिस्थल मंदिर पर आयोजित यज्ञ में पधारेंगे। जहाँ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हैं।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत ग्राम सभा खंडवारी में प्रधानमंत्री के संवाद कार्यक्रम का सजीव प्रसारण संपन्न

प्रखर पूर्वान्चल चंदौली। योजनाओं के संतृप्तिकरण के लिए आउटरेज गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत ग्राम सभा खंडवारी में ग्राम वासियों जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री जी के संवाद कार्यक्रम का सचित्र प्रसारण देखा गया` कार्यक्रम के आरंभ में भारत को विकसित बनाने के लिए उपस्थित सभी ग्रामीण लाभार्थियों जन्म प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा पंच प्राण की शपथ ली गई` इस कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों को योजनाओं की जानकारी देने एवं पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ देने के लिए विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए` विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य यह है कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों को सरकार की संचालित योजनाओं



से जोड़ना और उसे उससे लाभान्वित करना है इस क्रम में लाभार्थियों को मौके पर ही विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है` इस दौरान पूर्व में लाभ प्राप्त किए लाभार्थियों के जीवन स्तर में कितना सुधार आया इस संबंध में उनके अनुभव भी साझा किए गए` सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभार्थियों के जीवन स्तर में कितना सुधार हुआ उनकी कहानी उनकी जुबानी के क्रम में उनके अनुभव को भी उपस्थित लोगों ने सुना` ग्राम पंचायत खंडवारी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एलईडी वैन के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जन मानस को जानकारी दी जा रही है जिससे कि समाज के वंचित लोगों को केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो सके और वह इस योजना से जुड़कर लाभान्वित हो` इस मौके पर एलईडी वैन के माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकी योजनाओं की जानकारी उपस्थित जन समुदाय को दी गयी जिसको भारी संख्या में उपस्थित जनमानस ने देखा और सराहना की इस मौके पर स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

## सीडीओ वाराणसी ने दिलाई विकसित भारत संकल्प की शपथ

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गुरुवार को कार्यक्रम वरुणापार जोन स्थित पाण्डेयपुर के आवास विकास के मुड़ी कटवा बाबा पार्क में आयोजित हुआ` विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान चलाई जा रही एलईडी वैन भी सभास्थल पर पहुंची हुई थी इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वाराणसी जनपद के मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल मौजूद थे उन्होंने आईईसी वैन अर्थात सूचना, शिक्षा एवं संचार वैन के द्वारा एलईडी के माध्यम से प्रधानमंत्री विकसित संकल्प यात्रा के तहत प्रदर्शित योजनाओं को बड़े ही धैर्य और इत्मीनान के साथ देखा ` एलईडी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री मोदी जी का पूरे उद्बोधन को भी उन्होंने बैठकर सुना सीडीओ ने कार्यक्रम में भारी संख्या में लोगों की उपस्थिति को सराहा` आईईसी वैन द्वारा मोदी के उद्बोधन प्रसारण के पश्चात सीडीओ वाराणसी सभास्थल पर जाकर वहां मौजूद लोगों को विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलाई उन्होंने कहा कि मोदी जी का विकसित भारत का ख्वाब 2047 तक मुकम्मल कर




देना होगा इस सपने को वास्तविकता का अमली जामा पहनाने के लिए आप सभी की सहभागिता अपेक्षित है उन्होंने मोदी जी के कार्यकाल के दौरान निकाली गई ` जनकल्याणकारी एवं लोकोपकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया उन्होंने लाभार्थी कैंप में आयोजित त्वरित शिकायत निस्तारण के बारे में भी लोगों को समझाया ` यदि कोई पात्र व्यक्ति किसी महत्वपूर्ण योजना के लाभ से वंचित रह गया हो जैसे उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसी कृषि सम्मान निधि योजना इत्यादि तो इस लाभार्थी कैंप में आकर अपना पंजीकरण करवाकर यथोचित तरीके से उसकी पात्रता प्राप्त कर सकता है कार्यक्रम में लगाए गए लाभार्थी कैंप का भी उन्होंने मुआयना किया और लोगों को बड़ी ही सरल भाषा में इसके मकसद के बारे में बताया ` कार्यक्रम में वाराणसी नगर निगम के पार्षद अशोक कुमार भी मौजूद थे उन्होंने अपने उद्बोधन में वहां उपस्थित लाभार्थियों को बताया कि कैसे यशस्वी प्रधानमंत्री ने विगत साढ़े नौ वर्षों के कार्यकाल में सामान्य तथा दबे-कुचले जनमानस के जीवन में आमूल चूल बदलाव लाया है उनकी जनकल्याणकारी नीतियां लोगों के दैनिक जीवन में खुशियों का अवसर निर्मित कर रही हैं अपने क्षेत्र में मोदी जी द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बड़े ही विस्तारपूर्वक वहां उपस्थित दर्शकों को समझाया साथ ही उन्होंने भी इस बात को दोहराया कि यदि कोई व्यक्ति अपेक्षित पात्रता रखता है और यदि वह लाभ से वंचित रह गया हो तो वह यहां लाभार्थी कैंप में आकर अपना नाम पंजीकृत करवाकर इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकता है` इस कार्यक्रम में कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सह नगर आयुक्त दुष्यंत कुमार और केंद्रीय संचार ब्यूरो के प्रचार अधिकारी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## दोहरे हत्याकांड में प्रजापति समाज ने निकाला कैंडल जुलूस



प्रखर खेतासराय (जौनपुर) । मंगलवार को अपराधियो द्वारा फास्टफूड की दुकान चला रहे दो सगे भाईयों की जघन्य तरीके से हत्या करने के मामले में प्रजापति समाज व अन्य लोगों ने कस्बे में जुलूस निकाला । शासन प्रशासन और राजनीतिज्ञों पर सवाल खड़ा किया । कैंडल जुलूस पुरानी बाजार व मुहल्ले तक सीमित रहा । आरोपियों पर सख़्त से सख़्त कार्रवाई की मांग उठाई । प्रजापति समाज के जिला महासचिव विनोद प्रजापति के नेतृत्व में संगठन और मुहल्ले के लोगों ने बभनौटी में जुलूस निकालकर कोहरौटी में समाप्त हो गया ।इस दौरान मृतक के माता मनभावती, बहन विनीता और पिता फूलचन्द्र भी शामिल हुए ।कैंडल जुलूस पुलिस की सख़्त निगरानी में रहा ।पूरा कस्बा इस हत्याकांड से मर्माहत दिखा ।इस मौके पर बोलते हुए संगठन के जिला महासचिव विनोद प्रजापति ने कहा कि तीसरे दिन बीतने को है, लेकिन कोई भी बड़ा अफसर और राजनीतिज्ञ ने यहाँ परिजनों को ढांढस बाधाने नही आया । उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से दोषियों पर सख़्त से सख़्त कार्यवाही की मांग की है । परिजनों को फौरी तौर पर आर्थिक सहायता दी जाए । इस अवसर पर अमित विश्वकर्मा, संजीव प्रजपति, हरिकेष प्रजापति, अरविंद यादव, सुनील कन्नौजिया समेत भारी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे ।

## संक्षिप्त खबरें

### सिंचाई विभाग में विदाई व सम्मान समारोह मनाया गया



प्रखर वाराणसी। सिगरा स्थित सिंचाई विभाग में कार्यालय अधीक्षण अभियंता लिफ्ट सिंचाई मण्डल वाराणसी में वरिष्ठ सहायक सुशीला राय अपने 60 वर्ष की अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गई। इस मौके पर कार्यालय स्टाफ की तरफ से विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल कुमार सिंह अधीक्षण अभियंता द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता महोदय ने सुशीला राय को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में अधिशासी अभियन्ता उदय शंकर सिंह, सहायक अभियंता दया शंकर सिंह यादव, सौरभ मालवीय, विनोद कुमार सिंह, संजय कुमार पांडेय, जय शंकर सिंह, आरिफ अंसारी, सरिता, साधना श्रीवास्तव, विमला, आकांक्षा राय, रत्नेश प्रसाद, राम अवतार राम, सर्वेश उपाध्याय, संजय कुमार सिंह, मंगल देव, दीनानाथ, तारिक फरीदी, निरंजन, मूसा अंसारी, सुनील, राम सजीवन आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मंगल देव यादव द्वारा किया गया।

### शादी के ही दिन करिश्मा का केंद्रीय विद्यालय में चयन, परिजनों में खुशी का माहौल



प्रखर जौनपुर। नौपेड़वा बक्शा थाना क्षेत्र के परशुरामपुर लखौआ गांव निवासी नरेंद्र नाथ उपाध्याय की पुत्री करिश्मा उपाध्याय का चयन केंद्रीय विद्यालय संगठन में शिक्षिका के पद पर हुआ है। शादी के ही दिन शाम को परीक्षा परिणाम आते ही मायके एवं ससुराल पक्ष दोनों में खुशी छा गया। बीते 28 नवंबर मंगलवार की शाम करिश्मा उपाध्याय की शादी थी बारात भी आ चुकी थी, ठीक उसी समय केंद्रीय विद्यालय का रिजल्ट आने पर करिश्मा का चयन देख लोग खुशी से झूम उठे। करिश्मा के माता मीना उपाध्याय, पिता नरेंद्र, भाई अनुराग उपाध्याय, दिवाकर उपाध्याय, दिलीप मिश्रा, विशेष उपाध्याय, मिथिलेश पाठक, आदि ने प्रसन्नता जताई।

### विरार पूर्व में भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन 10 दिसंबर से




प्रखर डेस्क। विरार भागवत प्रचार सेवा प्रतिष्ठान के तत्वावधान मे संरक्षक प्रथम महिला महापौर ववइश महानगर पालिका सौ. प्रवीणा हितेंद्रजी ठाकुर एवं अध्यक्ष व मुख्य यजमान श्री धनंजय झा के मार्गदर्शन में 12 वर्षो से श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन भगवत्कृपा से अनवरत होता आ रहा है,इस वर्ष भी भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन कथा व्यास पूज्य श्री राजीव कृष्णजी महाराज के मुखारविंद से विरार पूर्व राउत वाड़ी, गांधी चौक, पापड़ खिंच रोड, फूलपाड़ा में आगामी 10 दिसंबर समय सायंकाल 4 बजे 9 बजे तक प्रारंभ होकर 17 दिसंबर 2023 महाप्रसाद (भंडारा) के साथ संपन्न होगी। भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के मुख्य आकर्षण दिव्य कलश यात्रा जो भारतीय वैदिक रीति के अनुसार 10 दिसंबर प्रातः 8 बजे से लगभग 1100 सौ महिलाओं के साथ राउत वाड़ी से प्रारंभ होकर जनकपुर धाम श्री फुलेश्वरनाथ मंदिरसे होकर फूलपाड़ा डैम,पाठक स्कूल सहकारनगर, हिलमार्क, आरड्ड जेड्ड नाका होते हुए राउत वाड़ी संपन्न होगी, आयोजन समिति द्वारा सभी भक्तगणों को आमंत्रित किया गया है , इस पुण्य कार्य में सम्मिलित होकर कथा श्रवण कर पुण्य के भागी बनें।

### ह्रदय रोग के निदान में सहायक है शोधपत्र



प्रखर जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर एंड साइंस इंजीनियरिंग विभाग के शोधार्थी ज्ञानेन्द्र कुमार पाल ने डॉ. संजीव गंगवार के निर्देशन में किए गए शोधपत्र को वाइवा के बाद जमा किया। इनका शोध ह्रदयरोग डेटासेट पर आधारित है। इस अध्ययन में आयात सुविधाओं और एक-दूसरे पर उनकी निर्भरता को शामिल किया गया और विभिन्न मशीन लर्निंग तकनीकों द्वारा उसके उदाहरण का विश्लेषण किया गया। इस शोध के परिणाम और लागू की गई तकनीकों द्वारा ह्रदय रोग निदान में विशेषज्ञों को अधिक छिपी हुई जानकारी को एकत्र करने में सहायता कर सकता है। इस शोध में किए गए काम से समाज मे किसी व्यक्ति को अगर सीने में दर्द का एहसास होता है तो इस ऐप्लिकेशन की सहायता से आसानी से जांच करवा सकते है. जाच हेतु कुछ गुण जैसे उम्र, बीपी, शुगर,हार्ट रेट इत्यादि की सहायता से आसानी से जानकारी प्राप्त कर सकते है।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं